■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक -36)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 09 अक्तूबर, 2023



▶ सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

▶ नेपाल में हिन्दुओं को पहली बार दौड़ा-दौड़ा कर मारा

▶ खराब हवा में सांस लेने वाली मां के बच्चे हो सकते हैं बौने

## न्यूज संक्षिप्त

### प्राण प्रतिष्ठा के पहले होगा अक्षत पूजन अनुष्ठान

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में कई अहम बिंदुओं पर निर्णय हुआ है। इसी क्रम में तय हुआ है कि विजयदशमी के बाद रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पहले अक्षत पूजन का अनुष्ठान होगा। पूजन के बाद यह अक्षत देश के पांच लाख गांवों में घर-घर भेजा जाएगा। साथ ही मंदिर के उद्घाटन के बाद रामलला के दर्शनार्थियों को प्राण प्रतिष्ठित रामलला का विग्रह प्रसाद स्वरूप भेंट किया जाएगा।ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले भगवान के सम्मुख अक्षत पूजन का कार्यक्रम होगा। इस अनुष्ठान के बाद पूजित अक्षत पूरे भारत मेंएकसिस्टमकेतहत बांटा जाएगा। भारत वर्ष के 50 केंद्रों से दो-दो, चार-चार कार्यकर्ता अयोध्या बुलाए जा रहे हैं। ये कार्यकर्ता भगवान के सम्मुख पूजित अक्षत अपने केंद्रों पर ले जाकर प्लानिंग करेंगे।

### बीजेपी में अब पार्षद संभालेंगे शहरी इलाकों की बागडोर

लखनऊ। पार्टी ने पार्षदों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के साथ शहरी विकास में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। लखनऊ, अयोध्या और गोरखपुर नगर निगम के भाजपा पार्षदों का प्रशिक्षण शिविर शनिवार से राजधानी लखनऊ में शुरू हुआ।लोकसभा चुनाव में भाजपा के पार्षद शहरी इलाकों में पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव जिताने की कमान संभालेंगे। पार्टी ने पार्षदों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के साथ शहरी विकास में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है। लखनऊ, अयोध्या और गोरखपुर नगर निगम के भाजपा पार्षदों का प्रशिक्षण शिविर शनिवार से राजधानी लखनऊ में शुरू हुआ।

### गजल का अखाड़ा रहा रामपुर शहर

रामपुर। ऐतिहासिक रजा लाइब्रेरी के 250वें स्थापना दिवस महोत्सव का आगाज हो गया। लाइट एंड साउंड शो के जरिये रामपुर रजा लाइब्रेरी के 250 साल के सफर की झलक को दिखाया गया। प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास की मौजूदगी में हुए लेजर शो ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि रामपुर रजा लाइब्रेरी आना मेरे लिए अद्भुत अनुभव है। यह शहर गजल का अखाड़ा रहा है। ऐसे में यहां के बारे में ज्या कहना है? उन्होंने राजनीति को लेकर किए गए सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की। रामपुर पहुंचे डॉ. कुमार विश्वास ने शनिवार की रात में रजा लाइब्रेरी में आयोजित समारोह का आगाज करने के बाद मीडिया से बातचीत की। कहा कि हमारा देश मनीषियों का देश है।

### एशियाड कबड्डी में पुरुष और महिला टीम ने जीता स्वर्ण

भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने शनिवार को यहां एक विवादास्पद फाइनल में अंपायर, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के बीच लगभग एक घंटे की बहस के बाद गत चैंपियन ईरान को 33-29 से हराकर एशियाई खेलों का खिताब दोबारा हासिल किया। भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले, भारतीय महिला टीम को चीनी ताइपै को हराकर गोल्ड मेडल जीता। एशियाई खेलों में 2010 में कबड्डी को शामिल किये जाने के बाद महिला कबड्डी का यह तीसरा स्वर्ण पदक है। कप्तान रितु नेगी ने कहा, 'हमने 2018 में फाइनल हारने के बाद काफी मेहनत की। पांच साल तक इंतजार किया और कड़ी मेहनत रंग लाई।' भारतीय महिला हॉकी टीम ने सेमीफाइनल हारने के दो दिन बाद ही जबर्दस्त जुझारूपन के साथ वापसी करते हुए जापान को 2.1 से हराकर एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत लिया।

# गाजा में रिफ्यूजी कैंप पर इजराइली सैनिकों का भीषण हमला

## हमास के बाद हिज्बुल्लाह की भी एंट्री,पांच सौ से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई

नई दिल्ली। इजराइल की वायुसेना के युद्धक विमानों ने गाजा में भारी बमवर्षा की है। इजराइल ने गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाया है। जरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच जारी जंग लगातार तेज होती जा रही है। इस युद्ध में दोनों तरफ से अब तक 500 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके है। हमास के हमले के बाद अब इजरायल कार्रवाई कर रहा है। इजरायली तोपखाने का काफिला गाजा सीमा पर पहुंच गया है। गाजा में रिफ्यूजी कैंप पर इजराइल सैनिकों ने भीषण हमला किया है। इजराइल की वायुसेना के युद्धक विमानों ने गाजा में भारी बमवर्षा की है। इजराइल ने गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बनाया है। इजरायल की इस एयर स्ट्राइक के बाद गाजा में भारी तबाही देखने को मिली है।



**गाजा में 29 ठिकानों को इजराइल का कब्जा**

इजरायल ने पहले ही गाजा के लोगों को शहर खाली कर देने की चेतावनी दी थी। इजरायली तोपखाने का काफिला गाजा पर पहुंचकर तबाही मचा रहा है। गाजा में रिफ्यूजी कैंप पर इजराइल सैनिकों ने भीषण हमला किया है। हमले से कैंप की इमारत पूरी तरह तबाह हो गई है। हमास के ठिकानों पर तोप से भी ताबड़तोड़ वार किए गए हैं। हमले में कई लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। वहीं 29 ठिकानों को इजराइल ने वापस कब्जा लिया है। इससे पहले इजरायली एयर फोर्स के हमले में गाजा में हमास की कई इमारतें तबाह हो गईं।इजरायली और हमास के बीच जारी लड़ाई का असर दूसरे देशों पर भी पड़ने लगा है। एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक के लिए तेल अवीव के लिए अपनी सभी उड़ानों पर रोका दिया है। एयरलाइंस ने एक बयान जारी कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के लिए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 14 अक्टूबर, 2023 तक निलंबित रहेंगी। इसके साथ ही कहा कि इस समय जिन यात्रियों ने उड़ान की बुकिंग कराई है उनकी हर संभव मदद करेगी।

गाजा पट्टी से इजराइल पर लगातार हमले जारी हैं। हमास के लड़ाके इजराइल पर रॉकेट से एक के बाद एक बारूदी हमले कर रही है। हमास के आतंकी इजराइल में नागरिकों को भी निशाना बना रहे हैं। उधर इजराइल ने भी हमास के ठिकानों पर तबाही मचा दी है। बताया जा रहा है कि गाजा बॉर्डर पर 26 इजरायली सैनिकों की मौत हुई है। इजरायली सेना ने जवानों की तस्वीर जारी की है।

**हमास के बाद हिज्बुल्लाह की भी एंट्री, इजराइल में कर रहा हमला**

हमास के बाद रविवार को हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने इजराइल पर हमला कर दिया है। रविार सुबह हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने लेबनान सीमा के पास इजरायली सैन्य स्थलों पर मोर्टार दागे।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमास के हमले के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए माउंट डोव क्षेत्र में तीन इजरायली ठिकानों पर दर्जनों रॉकेट और गोले दागने का दावा किया है। हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि ये हमला, फिलिस्तीनी प्रतिरोध के साथ एकजुटता के लिए था।

# सिक्किम में मरने वालों की संख्या हुई 32, लापता लोगों की तलाश जारी



गंगटोक। सिक्किम में तीस्ता नदी में आई अचानक बाढ़ के मलबे से नौ सैन्य कर्मियों सहित 32 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि 100 से ज्यादा लापता लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) के मुताबिक, बुधवार तड़के बादल फटने से आई अचानक बाढ़ ने 41,870 लोगों को प्रभावित किया है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से अभी तक 2563 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।इतना ही नहीं सिक्किम के ज्यादातर इलाकों का संपर्क दूसरे राज्यों से टूट गया है। एसएसडीएमए ने बताया कि 122 लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। सिक्किम के पकयोंग जिले में 78, गंगटोक जिले में 23, मंगन में 15 और नामची में छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि खोज अभियान में विशेष रडार, ड्रोन और सैन्य कुत्तों को लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि अभी तक पकयोंग में 21, गंगटोक में छह, मंगन में चार और नामची में एक शव बरामद किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, सिक्किम की जीवन रेखा माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर सड़कों में दरार आने व तीस्ता नदी पर कई पुल क्षतिग्रस्त होने की वजह से आवाजाही बंद है। उन्होंने बताया कि कि रंगपो और सिंगताम के बीच खंड को खोलने और उसे चौड़ा करने की प्रक्रिया जारी है।

# तमिलनाडू के नेताओं ने आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया


चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, अन्नाद्रमुक महासचिव ई. के पलानीस्वामी और अन्य नेताओं ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के पास पटाखों की एक दुकान में आग लगने की घटना में लोगों की मौत होने पर रविवार को शोक व्यक्त किया। घटना में जान गंवाने वाले 14 लोगों में से ज्यादातर धर्मपुरी, तिरुपथुर और कल्लाकुरिची जिलों के रहने वाले हैं।

एक बयान में, स्टालिन ने सीमावर्ती शहर अत्तिबेले में दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मंत्रियों आर. शक्करपानी और एम सुब्रमण्यम को घायलों के उपचार से संबंधित जरूरतों की निगरानी करने और उन्हें तमिलनाडु लाने के वास्ते समन्वय करने के लिए नियुक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये और मामूली रूप से जख्मी हुए लोगों को 50-50 हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में, उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की और राज्य सरकार से इलाज के बाद घायलों की शीघ्र वापसी के लिए सभी कदम उठाने का आग्रह किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और एएमएमके नेता टीटीवी दिनाकरन ने भी घटना पर चिंता व्यक्त की।

# पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी ने दी धरने की चेतावनी, केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र



पीलीभीत। पीलीभीत में शारदा नदी पर प्रस्तावित चेनेलाइजेशन के कार्य को वन विभाग के एनओसी न देने पर सांसद वरुण गांधी ने पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है। सांसद ने एनओसी न मिलने पर धरने की चेतावनी दी है।

पीलीभीत में शारदा नदी पर प्रस्तावित चेनेलाइजेशन के कार्य को वन विभाग के एनओसी न देने पर भाजपा सांसद वरुण गांधी ने धरने पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर समस्या का समाधान न हुआ तो वह भी ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठेंगे। इस संबंध में सांसद वरुण गांधी ने पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है।

वरुण गांधी ने पत्र में कहा है कि पूरनपुर के ग्राम चंदिया हजारा के लोगों ने उन्हें पत्र के माध्यम से बताया कि राहुलनगर में शारदा नदी पर चेनेलाइजेशन कर नदी का बहाव पूर्ववत करने का कार्य प्रस्तावित है। वन विभाग ने एनओसी न होने की बात कहते हुए यहां कार्य रुकवा दिया था। कार्यदायी संस्था वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक से चेनेलाइजेशन कार्य के लिए एनओसी मांगी थी, जो विभाग ने नहीं दी। ऐसे में कार्य शुरू नहीं हो सका।

सांसद ने कहा कि अगस्त में कार्य शुरू करने के लिए उन्होंने पत्र भेजा था, इसके बाद भी अनुमोदन नहीं हुआ। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया जा रहा है। पत्र में कहा कि अगर जिम्मेदार अफसरों ने समय रहते गंभीरता नहीं दिखाई तो उन्हें क्षेत्र की जनता के साथ बैठना पड़ेगा। चेनेलाइजेशन के कार्य से क्षेत्र में बाढ़ और कटान की समस्या का स्थाई निराकरण होगा, लेकिन वन विभाग की मनमानी हावी है।बाढ़ और कटान की समस्या का स्थाई निराकरण न होने के विरोध में चंदिया हजारा में चल रही क्रमिक भूख हड़ताल शनिवार को 27वें दिन जारी रही। शनिवार को क्रमिम भूख हड़ताल पर चंपा कुंडू, अमेला सरदार, काली मंडल, रानी शील, अंजना हलधर, काली गाईन, रंजीता, कालीदासी, ममता मजूमदार, प्रभाती विश्वास, कल्पना सरदार, मालती सरकार, कमला मंडल, कविता मंडल आदि बैठी।

## मोक्ष की कामना: मां की कोख में मारी गईं 15000 बच्चियों का काशी में श्राद्ध

वाराणसी ।इन दिनों पितरों के तर्पण का माह पितृपक्ष चल रहा है। इसी क्रम में रविवार को वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर आगमन सामाजिक संस्था की ओर से उन अजन्मी बेटियों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जिनकी हत्या भ्रूण के रूप में मां की कोख में ही कर दी गई थी।इन दिनों पितरों के तर्पण का माह पितृपक्ष चल रहा है। इसी क्रम में रविवार को वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर आगमन सामाजिक संस्था की ओर से उन अजन्मी बेटियों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध किया जिनकी हत्या भ्रूण के रूप में मां की कोख में ही कर दी गई थी। वैदिक परंपरा के अनुसार श्राद्ध कर्म और जल तर्पण किया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. संतोष ओझा ने लगातार 10वें साल 15 हजार पिंडदान अजन्मी बेटियों के नाम किए। पिछले नौ वर्षों में 67 हजार अजन्मी बेटियों का श्राद्ध कर चुके हैं। एक बार फिर अपने सामाजिक कर्तव्यों की पूर्ति करते हुए आगमन सामाजिक संस्था उन अजन्मी बेटियों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्-कर्म किया जिनकी हत्या उन्हीं की मां के कोख में उन लोगों ने ही करा दी जिसे हम सब माता-पिता या परिजन कहते हैं।दशाश्वमेध घाट पर श्राद्ध क्रम की शुरुआत शांति वाचन से हुआ जिसके बाद अलग- अलग 15 हजार अनाम, ज्ञात और अज्ञात बेटियों के पिंड को स्थापित कर विधिपूर्वक आह्वान कर पूजा अर्चन कर उनके मोक्ष की कामना की गई। गंगा की मध्य धारा में पिंड विसर्जन के बाद सभी को जल अर्पित कर तृप्त होने का निवेदन किया गया।संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन अंतिम प्रणाम के तहत हुआ।




# पूर्व डीजीपी के परिवार ने दी देवरिया जैसा कांड करने की धमकी!

जौनपुर ।एक जमीन पर कब्जे को लेकर यूपी के जौनपुर जिले के तरहठी गांव में दो पक्षों के बीच छिड़ी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर देवरिया जैसा कांड दोहराने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है।

एक पक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। इधर, इस पूरे मामले पर पुलिस की पैनी नजर है। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी का कहना है कि जांच के बाद आरोप गलत साबित हुआ है। जौनपुर जिले मुंगराबादशाहपुर का तरहठी किल्हापुर पूर्व डीजीपी जगमोहन यादव का गांव है जो हमेशा किसी न किसी मामले को लेकर चर्चा में रहता है। एक माह पूर्व गांव में एक जमीन की पैमाइश को लेकर ग्राम प्रधान से जगमोहन यादव के बीच विवाद हो गया था। प्रधान ने पूर्व डीजीपी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने और पिटाई का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था।

**आईजीआरएस पोर्टल पर की शिकायत**

अब इसी गांव के निवासी पंडित विजय उपाध्याय नामक व्यक्ति ने पूर्व डीजीपी के परिजनों पर मंदिर की साढ़े सात बीघा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत में उसने यह भी लिखा है कि यहां के डीएम और एसडीएम उसकी गुहार नहीं सुन रहे हैं। साथ यह भी कहा कि पूर्व डीजीपी के परिजन उसे देवरिया जैसे नरसंहार की धमकी दे रहे हैं।पूर्व डीजीपी के बड़े भाई व पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजलाल यादव का कहना है भूमि विवाद मामले में एक पक्ष शातिराना अंदाज में काम कर रहा है। देवरिया जैसा कांड का आरोप लगाकर मेरे परिवार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। एसपी जौनपुर और सीओ मछलीशहर अतर सिंह को इस मामले की जानकारी दे दी गई है। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी का कहना है कि तरहठी गांव में दो पक्षों का आपसी विवाद है।



## संपादकीय

### सत्तर में सात पास

ये ज्ञान की सदी है या अज्ञान की, हालात देखकर कुछ कहना कठिन है। हिमाचल की राजधानी, शिमला जनपद के एक कॉलेज में बीए के सत्तर विद्यार्थियों में से 63 का फेल हो जाना एक अफसोसजनक स्थिति को ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह हमारी सामुहिक विफलता का जीवंत नमूना है। हमारे शिक्षा तंत्र की नाकामी है और सत्ताधीशों की संवेदनहीनता है। विडंबना देखिए कि पूर्व मुख्यमंत्री की पहल पर कुपवी में खोले गये कॉलेज का एक पूरा शैक्षिक सत्र शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति के बिना निकल गया। ऐसे में छात्रों को ही फेल होने का पूरा दोष नहीं दिया जा सकता है। विडंबना देखिये कि कॉलेज के लिए शिक्षकों के आठ पद स्वीकृत हुए थे। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के प्रयासों से वर्ष 2021 में इस दूर-दराज के इलाके में कॉलेज खोला गया था। निस्संदेह, उनके इस प्रयास की सराहना ही की जानी चाहिए। हर छात्र को शिक्षा हासिल करने का हक है, सत्ताधीशों को उनके इस अधिकार को हासिल करने में मदद करनी चाहिए। उसके बाद कॉलेज में पिछली जुलाई में छात्रों का प्रवेश आरंभ हुआ। विडंबना देखिए कि अभिभावक शिक्षक संघ के प्रयासों से सिर्फ दो ही निजी शिक्षकों की नियुक्ति हो पायी, जबकि एक भी नियमित शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो पायी। ऐसे में छात्रों से बेहतर परिणाम की बहुत अधिक उम्मीद की भी नहीं जा सकती है। इस परीक्षा परिणाम के आलोक में यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि इन छात्रों का शैक्षिक स्तर इतना नीचे क्यों रहा कि बीए जैसी सामान्य परीक्षा वे पास नहीं कर सके। सवाल उनकी बारहवीं व दसवीं आदि परीक्षाओं की पढ़ाई को लेकर भी उठेंगे कि वे क्यों बीए जैसे सामान्य पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण नहीं हो पाये। देश में लाखों छात्र ऐसे भी हैं जो मुक्त विश्वविद्यालयों से या प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर बिना शिक्षक के स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाएं उत्तीर्ण करते हैं। जाहिर ये सवाल स्कूलों में पढ़ाई के स्तर को भी रेखांकित करता है। कयास लगाए जा रहे हैं कहीं इस कॉलेज के प्रति शिक्षा विभाग व प्रशासन द्वारा अनदेखी के मूल में राजनीतिक कारण तो नहीं है? दरअसल, जिस जनपद में यह कालेज स्थित है, वह पूर्व हिमाचल के शासन का केंद्र है। शिक्षा विभाग के मंत्री, सचिव व अन्य उच्च शिक्षा अधिकारी शिमला में बैठते हैं। फिर कैसे शीर्ष अधिकारियों को भान नहीं हुआ कि उनकी नाक के नीचे अज्ञान का अंधियारा पसर रहा है? कैसे एक भी शिक्षक के बिना एक कॉलेज में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ होता रहा है? कहीं राज्य की सत्ता में आए बदलाव का खमियाजा तो इस स्कूल को नहीं भुगतना पड़ा? कहीं यह सोच तो नहीं कि विपक्षी नेता ने कॉलेज खुलवाया था? बहरहाल, कारण जो भी हो इस कॉलेज का परीक्षा परिणाम हमें गंभीरता से आत्ममंथन की नसीहत तो देता है। जो यह भी बताता है कि कैसे राजनेता जनता की वाह-वाही लूटने के लिये विकास योजनाओं व शैक्षिक संस्थाओं के उद्घाटन की घोषणा कर देते हैं। पूछा जा सकता है कि बिना नियमित शिक्षक के कालेज को खुलने की अनुमति क्यों दी गई? दूसरी बात यह कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों की अंग्रेजी का स्तर नीचा रहता है तो कम से कम बीए के छात्रों को अंग्रेजी शिक्षक तो उपलब्ध कराया जाना चाहिए था।

# महिलाओं की राजनीतिक उदासीनता के निहितार्थ

**क्या देश की आम महिलाएं इसका लाभ ले पाएंगी या फिर राजनीतिक परिवारों की महिलाओं तक ही यह सीमित होकर रह जाएगा? क्या विधायक पति, भाई या पिता सत्ता पर अब परोक्ष रूप से काबिज होंगे? इन प्रश्नों ने अपने उत्तरों को ढूंढ़ने की कवायद आरंभ कर दी है। वर्ष 2017 में हिलेरी क्लिंटन ने अपनी किताब 'व्हाट हैपेंड' में लिखा 'यह पारंपरिक सोच नहीं है कि महिलाएं नेतृत्व करें या राजनीति के दांव पेंच में शामिल हों। यह न तो पहले सामान्य था और न ही आजज इसलिए जब भी अगर ऐसा होता है तो यह सही प्रतीत नहीं होता। लोगों ने हमेशा इस तरह की भावनाओं के आधार पर मत दिया है।' हिलेरी क्लिंटन ने समाज के उस चेहरे को उजागर किया है जहां आधुनिकता और समानता के तमाम दावों के बीच महिलाओं की राजनीति में अस्वीकार्यता है। व्यावहारिक समानता के बावजूद अप्रत्यक्ष सामाजिक-राजनीतिक ढांचे महिलाओं को राजनीति में भागीदार बनने से रोकते हैं।**




महिला आरक्षण बिल यानी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को हाल ही में राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई। इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। लैंगिक समानता के लिए उठाया गया यह कदम स्वागतयोग्य है। राजनीतिक स्तर पर महिलाओं को समानता के उच्चतम पायदान पर खड़े करने की पहल विगत कई दशकों से की जा रही थी परंतु तमाम उलझनों और ऊहापोह के बीच इसे आने में इतना लंबा समय लग गया। खैर, देर से आए दुरुस्त आए। परंतु यक्ष प्रश्न यह है कि क्या महिलाओं का राजनीतिक पदों को प्राप्त करना सहज होगा? क्या देश की आम महिलाएं इसका लाभ ले पाएंगी या फिर राजनीतिक परिवारों की महिलाओं तक ही यह सीमित होकर रह जाएगा? क्या विधायक पति, भाई या पिता सत्ता पर अब परोक्ष रूप से काबिज होंगे? इन प्रश्नों ने अपने उत्तरों को ढूंढ़ने की कवायद आरंभ कर दी है। वर्ष 2017 में हिलेरी क्लिंटन ने अपनी किताब 'व्हाट हैपेंड' में लिखा 'यह पारंपरिक सोच नहीं है कि महिलाएं नेतृत्व करें या राजनीति के दांव पेंच में शामिल हों। यह न तो पहले सामान्य था और न ही आजज इसलिए जब भी अगर ऐसा होता है तो यह सही प्रतीत नहीं होता। लोगों ने हमेशा इस तरह की भावनाओं के आधार पर मत दिया है।' हिलेरी क्लिंटन ने समाज के उस चेहरे को उजागर किया है जहां आधुनिकता और समानता के तमाम दावों के बीच महिलाओं की राजनीति में अस्वीकार्यता है। व्यावहारिक समानता के बावजूद अप्रत्यक्ष सामाजिक-राजनीतिक ढांचे महिलाओं को राजनीति में भागीदार बनने से रोकते हैं।

अंतर संसदीय संघ की ओर से कराए गए सर्वे इन 'इक्वलिटी इन पॉलिटिक्स' में पाया गया कि सामाजिक रीति-रिवाजों के अलावा आर्थिक क्षमता और राजनीतिक दलों की संरचना भी महिलाओं के लिए बाधक है। अब प्रश्न यह उठता है कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था महिलाओं को नेतृत्वशील पदों पर क्यों नहीं देखना चाहती? इसका उत्तर मुश्किल नहीं है 'राजनीति' सत्ता और शक्ति का केंद्र है। वह प्रभाव और निर्णय क्षमता की आधारभूमि है जो कि पुरुषत्व भाव की छद्म तुष्टि का आधार बनती है। सत्ता को पुरुषत्व से जोड़कर देखने की मानसिकता इतनी गहरी जड़ें जमाए हुए है कि विश्व की कोई भी सामाजिक व्यवस्था, चाहे उसका स्वरूप विकसित हो या विकासशील, महिलाओं का राजनीति में प्रवेश स्वीकार नहीं करती। और किंचित जो महिलाएं इस ओर कदम बढ़ाती हैं उन्हें रोकने के लिए 'हिंसा' को, चुनावी चक्र में विभिन्न तरीकों से लक्षित और विनाशकारी उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।?एक अध्ययन के मुताबिक विश्व भर में 35500 संसदीय सीटों (156 देशों) में महिलाओं की उपस्थिति मात्र 26.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि 156 देशों में से 81 में राजनीतिक उच्च पदस्थ स्थानों में महिलाएं नहीं रही हैं। स्वीडन, स्पेन, नीदरलैंड और अमेरिका जैसे लिंग समानता के संबंध में अपेक्षाकृत प्रगतिशील माने जाने वाले देश भी इसमें शामिल हैं। इस सत्य को विश्व की तमाम संस्थाएं स्वीकार करती हैं कि महिलाओं की पूर्ण और प्रभावी राजनीतिक भागीदारी मानवाधिकार, समावेशी विकास और सतत विकास का मामला है। निर्णय लेने और राजनीतिक भागीदारी के सभी स्तरों पर पुरुषों के साथ समान शर्तों पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समानता, शांति और लोकतंत्र की उपलब्धि और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके दृष्टिकोण और अनुभवों को शामिल करने के लिए आवश्यक है ।रेक्यिवेक इंडेक्स 20-21' के 'सत्ता में पदों के लिए उपयुक्तता पुरुष और स्त्री के संबंध में दृष्टिकोण' अध्ययन में सम्मिलित जी 7 देशों के बीस हजार वयस्कों की, महिलाओं के राजनीति में नेतृत्व को लेकर जो विचारधाराएं हैं, वह अचंभित करती हैं। हैरान करने वाला तथ्य तो यह है कि जिस युवा पीढ़ी (18-34) को आधुनिक विचारों का पैरोकार समझा जाता है वह युवा पीढ़ी महिलाओं के राजनीति में प्रभावशील नेतृत्व को लेकर संकुचित विचारधारा रखती है और यह मानती है कि सत्ता के गलियारे महिलाओं के लिए नहीं बने हैं। इन विचारधाराओं के लिए युवाओं को भी पूर्ण रूप से दोषी नहीं ठहराया जा सकता ।दरअसल संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था 'समाजीकरण' की प्रक्रिया के अनुरूप सुनिश्चित होती है। समाजीकरण वह प्रक्रिया है जहां बच्चे को उसके जन्म के पश्चात समाज की व्यवस्थाओं के अनुरूप रहना सिखाया जाता है और यह प्रक्रिया परिवार से आरंभ होकर स्कूल, रिश्तेदारों और विभिन्न संस्थाओं द्वारा सुनिश्चित होती है। 'सत्ता', 'राजनीति' यह शब्द समाजीकरण की प्रक्रिया में महिलाओं को इंगित करते ही नहीं इसीलिए वर्तमान पीढ़ी भी यह मानकर चलती है कि राजनीति महिलाओं का विषय नहीं है ।इलिनॉइस के इवांस्टन में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक एलिस ईमल के अनुसार 'ऐसी मान्यताएं हैरान करने वाली नहीं हैं क्योंकि समाज महिलाओं की निर्णय क्षमता और आधिकारिता पर विश्वास नहीं करता है।' राजनीति के प्रथम स्तर पर महिलाओं का आरक्षण यकीनन भारत की राजनीतिक तस्वीर को बदलेगा परंतु इसमें कतई संदेह नहीं है कि आने वाले दो-तीन दशकों में समाज को महिलाओं के राजनीतिक समाजीकरण से परिचित होना होगा जो कि सहज नहीं है। यह प्रश्न उठना भी स्वाभाविक है कि अगर 1994 में 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से राजनीति के निचले पायदान पर महिलाओं को आरक्षण नहीं मिलता तो क्या वह अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाती? दरअसल, वैधानिक तथा राजनीतिक स्तर पर जब भी बड़े बदलाव किए जाते हैं तो सामाजिक ढांचे में वह सहज ढल नहीं पाते। अनेक बार दबाव ही सामाजिक बदलाव की स्वीकार्यता का कारण बनता है। ठीक इसी तरह 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को समाज को अंगीकार करने में कुछ दशकों का समय लग सकता है। महिलाओं के लिए जहां एक ओर पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था के समक्ष खड़े होकर लड़ने की चुनौती है तो वहीं दूसरी ओर उनके भीतर आत्मबोध का अभाव है, जिसके चलते वे स्वयं को ही पीछे धकेल लेती हैं।

एक अध्ययन के मुताबिक, पुरुष अवसरों को अपनी भविष्य की क्षमता के हिसाब से आंकते हैं, वहीं महिलाएं इस हिसाब से कि उन्होंने पूर्व में क्या उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस सोच के चलते बहुत-सी महिलाएं ठहर जाती हैं या फिर नेतृत्व की भूमिका में अपने प्रयासों में देर कर देती हैं। इसके अलावा पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था में कुछ ऐसी भी चुनौतियां हैं जिसका सामना पुरुषों की अपेक्षाकृत महिलाओं को अधिक करना पड़ता है, धन जुटाना इन्हीं में से एक है। बहुत-सी महिलाएं जो पुरुषों के बराबर धन नहीं कमाती या फिर जिनकी आय का कोई स्रोत नहीं है, उनके लिए धन जुटाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है ।राजनीतिक नेतृत्व प्राप्त करने के लिए राजनीतिक जागरूकता का होना आवश्यक है, इसके बगैर राजनीतिक विकास संभव नहीं। बीते दशकों में महिलाएं राजनीतिक विषयों पर गंभीर चर्चा कर रही हैं ऐसा नहीं है।

# नवबौद्ध व्यवस्था से बाहर निकलने का प्रयत्न करें, जातियाँ सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ .!

एक दिन में ही जाति व्यवस्था समाप्त किया जा सकता है किन्तु इसका परिणाम सोचिये ! संकल्पनायें सोचिये, भविष्य सोचिये और फिर सामाजिक व्यवस्था का संचालन कैसे होगा यह सोचिये। किसी भी व्यक्ति का समाज में उसके कर्म की पहचान का एकमात्र सूचक उसकी जाति है। यह सूचित करता है की उसको किस व्यवस्था में समाज में योगदान देना है। इसी के आधार पर कोई किसी को अपना समझाता है या एजेंडे में फंसकर विद्वेष करता है। यदि वह व्यक्ति बीमार मानसिकता का है तो वह अपने जाति के लोगो को पुरानी सनातन व्यवस्था के खिलाफ भड़कायेगा और यदि किसी व्यक्ति को कभी अपना नाम, या उपनाम रखने, संशोधित करने, एवं बदलने का अधिकार एवं सुविधा दे दिया जाय तो वह इसका उपयोग निजी स्वार्थ हेतु करेगा। क्या इससे कोई अराजकता नहीं आएगी.? किसी व्यक्ति का आधार संख्या निर्धारित एवं निश्चित होता है, शासन को यह व्यवस्था करना चाहिए की आधार संख्या के आधार पर एक ऐसा डाटा बैंक तैयार करें जिसमें उसकी वर्तमान स्थिति नौकरी और आय लिखी हो ताकि उसके समाज के अन्य लोग उस व्यक्ति को मिलने वाले आरक्षण के सहारे आगे आ सके ,जो मूल आरक्षित वर्ग के पहचान को संरक्षित एवं सुरक्षित रखेंहुए है। इस आरक्षित एवं मूल आंकड़े को देखने का अधिकार किसी जिलाके वरीय पुलिस अधिकारी को होगा, जो किसी अपराध के अन्वेषण में इसे आवश्यक समझता है। इसके साथ ही ऐसा अधिकार किसी नियोक्ता एजेंसी को भी होगा, जो आरक्षण का लाभ देता है। इन आकड़ों को देखे जाने का कारण उस तंत्र के प्रणाली में दर्ज करना होगा, और यह देखे जाने की प्रविष्टि भी स्थायी रूप से अंकित रहेगी। इसके अतिरिक्त इसकी सत्यता किसी को ज्ञात नहीं होगा और अयोग्य आरक्षण कोटा वाले योग्य और अनारक्षित होते रहेंगे ।इस तरह नई जाति एवं नव बौद्ध जैसे सूचक शब्द बेकार एवं असंगत हो जायेंगे। धीरे- धीरे यह प्रचलन से ही बाहर हो जायेंगे ।वर्तमान में जिस समाज में हम जी रहे हैं और जो समाज है अपने वंशजों के लिए छोड़कर जाने वाले हैं उसकी स्थिति धर्म की दृष्टि में अत्यंत भयावह है। सर्वत्र अनेकानेक पंथ अपने आपको सत्य पुरातन बताने में लगे हुवे हैं। हर मत स्वयं को सच्चा और दुसरे को झूठा बता रहा है और इसके लिए आस सम्पूर्ण विश्व सनातन धर्म के नाश की कामना कर रहा है ।ऐसी विषम परिस्थिति में वर्ण व्यवस्था, जिसे सनातन धर्म का मेरुदंड कहते हैं, की रक्षा एक चुनौती भरा कार्य है7 भारत में प्रबल रूप से वर्ण व्यवस्था व ब्राह्मणों का विरोध चल रहा है। इस अंध विरोध का जो कारण मुझे समझ में आता है वो है वर्ण व्यवस्था को सही तरीके से न समझा पाना। आजकल लोग ये कह देते हैं कि शूद्रों को वेद पढ़ने का अधिकार नहीं है, मंदिर में जाने का अधिकार नहीं है आदि आदि, और फिर इसके कारण प्रमाद फ़ैल जाता है। वर्तमान का मनुष्य इतना समझदार नहीं है की वो इन बातों की गूढ़ता को समझ सके तो हमें ही अपनी भाषा बदल देनी चाहिए। इसी बात को हम इस प्रकार से कह सकते हैं की शूद्रों से भदवद्प्राप्ति का सबसे सुगम मार्ग प्रदान है और ब्राह्मणों को सबसे दुष्कर। ब्राह्मण पर तो सबसे अधिक निषेध हैं, जितने कड़े नियमों व अनुशासन का पालन ब्राह्मण को करना चाहिए उतना तो किसी के लिए नहीं है। ब्राह्मणों में भी सबसे अधिक निषेध शंकराचार्य पर हैं। वे तो अग्नि प्रज्ज्वलन भी नहीं कर सकते। जब हम कहते हैं की आपको इसका अधिकार नहीं है तो उसे लगता है की उसे वंचित रखा गया है पर नहीं उसे वंचित नहीं रखा गया है बस उसके लिए मार्ग अलग है। सनातन धर्म में फल से तो किसी को वंचित रखा ही नहीं गया। जिस मोक्ष का अधिकार एक शंकराचार्य रखते हैं उसी मोक्ष का अधिकार एक शूद्र भी रखता है। अंतर है तो दोनों के मार्ग का। शंकराचार्य जी को न जाने कितने नियम व अनुशासन का पालन करना पड़ेगा और वहीँ एक शूद्र केवल भगवान का नाम जप के मोक्ष प्राप्त कर लेगा। कुछ लोग बोलते हैं की वर्ण व्यवस्था ने लोगों को बाँट दिया। तो पहले तो हम यह समझ लें की वर्ण व्यवस्था विभाजन नहीं वर्गीकरण करती है और ये वर्गीकरण जन्मजात गुणों के आधार पर है। इसे हम इस तरह भी समझ सकते हैं की संसार की चार अभीष्ट अभिलाषाएं हैं ङ्क सम्मान, यश, धन, निश्चिंतता7 हर मनुष्य इन चारों की अभिलाषा रखता है परन्तु बहुलता किसी एक की ही प्राप्त क्र पाता है। संसार में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं मिलेगा जिसके पास सर्वोच्च सम्मान, सर्वोच्च यश, सर्वाधिक धन और पूर्ण निश्चिंतता हो। सनातन धर्म में इन चारों को चारों वर्णों में बाँट दिया गया है। ब्राह्मणों को सम्मान प्राप्त है, क्षत्रिय को यश प्राप्त है, वैश्य को धन प्राप्त है और शूद्रों को निश्चिंतता प्राप्त है। ब्राह्मण को सम्मान अवश्य प्राप्त है परन्तु ब्राह्मण का यश नहीं होता, वह धनी भी नहीं होता और निश्चिंतता का तो प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता क्योंकि विश्व के कल्याण का दायित्व ब्राह्मण का ही है। शूद्र को सम्मान याश या धन तो नहीं दिया पर निश्चिंतता दे दी। निश्चिंतता वो वरदान है जो आज किसी के पास नहीं और इसे प्राप्त वही कर सकता है जो सम्मान यश और धन का त्याग कर देगा क्योंकि ये तीनों ही चिंता के कारक हैं। अब देखिये कर्मों का विभाजन कैसे हुव।



पंकज कुमार मिश्रा,
मिडिया विश्लेषक एवं
पत्रकार जौनपुर यूपी

**अवध्य है अर्थात आत्मा सदा थी सदा रहेगी। प्रलय के बाद फिर सृष्टि होगी परन्तु आत्मा यही रहेगी। अब यह आत्मा है क्या? तुलसीदास जी लिखते हैं कि ईश्वर अंस जीव अविनासी अर्थात जीव ( आत्मा ) ईश्वर का अंश है। अब इसका क्या अर्थ हुआ ? यही कि जिन 84 लाख योनियों की सृष्टि भगवान ने की उन सभी में वद्यमान जीव ईश्वर का ही अंश है और इस प्रकार न कोई छोटा है न कोई बड़ा।**

## वरिष्ठ फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय को मिला 'महात्मा गांधी रत्न अवार्ड'




राज दीप पाण्डेय, मुंबई। अंधेरी (वेस्ट) मुम्बई स्थित मेयर हॉल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र की चर्चित संस्था कृष्णा चौहान फाउंडेशन (केसीएफ) के संस्थापक व संचालक डॉ. कृष्णा चौहान के द्वारा आयोजित भव्य समारोह में भारतीय फिल्म जगत के मशहूर गायक उदित नारायण ने वरिष्ठ फिल्म पत्रकार/अधिवक्ता काली दास पाण्डेय को महात्मा गांधी रत्न अवार्ड' देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय को यह अवार्ड फिल्म पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है ।जियो स्टूडियोज और रिलायंस एंटरटेनमेंट लेकर आ रहे हैं गैंगस्टर ड्रामा 'पान पर्दा काली दास पाण्डेय, मुंबई। रिलायंस एंटरटेनमेंट और ड्रीमर एंड डूअर्स कंपनी के सहयोग से संकल्पित और निर्मित, जियो स्टूडियोज की नवीनतम प्रस्तुति हाई-ऑक्टेन गैंगस्टर ड्रामा वेबसिरीज 'पान पर्दा जर्दा' की शूटिंग इन दिनों बड़े जोर शोर से चल रही है।'पान पर्दा जर्दा' मध्य प्रदेश में अवैध अफीम तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक रोमांचक गैंगस्टर ड्रामा वेब सीरीज़ है। एक ऐसी सम्मोहक कहानी जहां परिवार और प्रियजनों के बीच युद्ध की रेखाएं खींची जाती हैं और निष्ठाएं बदल जाती हैं, यह श्रृंखला पूर्णरूप से मनोरंजक होने का वादा करती है।

जाने-माने निर्देशक गुरमीत सिंह और शिल्पी दासगुप्ता के साथ-साथ रचनात्मक प्रतिभा के पावरहाउस स्टार्स मृगदीप सिंह लांबा, सुपर्ण एस वर्मा, हुसैन दलाल, अब्बास दलाल और राधिका आनंद के नेतृत्व में बन रहीं इस वेबसिरीज में मोना सिंह, तन्वी आजमी, प्रियांशु पैंयुली, तान्या मानिकतला, सुशांत सिंह, राजेश तैलंग और मनु ऋषि जैसे ओटीटी के नामचीन कलाकार नजर आएंगे।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# मुफ़्त की घोषणाओं का परचम लहराया, मामला सुप्रीम कोर्ट में आया



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्रभारत में लगभग प्रतिवर्ष चुनावी पर्व होता ही रहता है ।परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि राज्य स्तरपर किसी राज्यमें विधानसभा चुनाव की संभावना का पता उस राज्य की जनता को ही नहीं पूरे विश्व को चल जाता है कि इस राज्य में चुनावी मौसम की घटनाएं घट रही है। वह ऐसे कि कुछ अवधि पूर्ण से ही राजनेता अपनी-अपनी बिसात बिछाना शुरू कर देते हैं। तबतोब दौरे, जन भागीदारी को महत्व, जनसंपर्क, जनता की गतिविधियों में शामिल होना शुरू कर देते हैं क्योंकि इसका दूरगामी परिणाम चुनाव में देखने को मिल जाता है। परंतु अभी हम देख रहे हैं कि एक नई प्रथा शुरू हो गई है, मुफ्त की घोषणाएं! जिसमें इतने यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर लैपटॉप वाईफाई इंटरनेट कोविड से लेकर अभी तक राशन फ्री इत्यादि अनेक प्रकार कीमुफ़्त घोषणाओं का परचम लहराया जाता है। आज अगर वह पार्टी सिलेंडर 600 में देने की घोषणा कर दी है तो यह पार्टी 500 में देने की घोषणा कर रही है। वह महिलाओं को इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रहे हैं तो यह इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रही है, ऐसे में जनता जनार्दन को चुनावी पर्व में आनंद आना स्वाभाविक बात भी है। इसके अतिरिक्त चुनाव से एक दिन पहले भी रात को प्रसिद्ध पुरानी कहावत कत्ल की रात आई यह भी बोलते हैं, क्योंकि उस रात जनता पर हरों की बारिश भी होती है। यह मैंने स्वयं ने भी अपने पड़ोस में अपनी आंखों से देखा है किस तरह कार्यकर्ता थैली में लेकर आते हैं और जितने घर के मेंबर उतने हरे देकर जाते हैं!? खैर यह तो अंदर की बात है, परंतु यह मुफ्त की घोषणाएं वर्तमान में ही नहीं इसकी प्रथा 1954 से देखने को मिल रही है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे ।चूंकि अभी दो राज्यों में चुनाव आयोग ने सर्वे कर लिया है, तारीखें घोषित करने के लिए उच्च स्तरीय सभा हो गई है उम्मीद है बहुत जल्द तारीखें घोषित हो जाएगी ।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 70 वर्षों से जारी चुनावी फ्री स्कीम्स को बंद करने का स्थाई समाधान ढूंढना समय की मांग है ।साथियों बात अगर हम सीईओ के विचारों और पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की करें तो, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ने गुरुवार को कहा था कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चुनाव में धनबल, मुफ्त की रेवड़ियों आयोग के रडार पर होंगी ।देश के पांच राज्यों में अगले महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तारीख का एलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसको लेकर अहम जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते और दिसंबर के पहले हफ्ते के बीच पांच राज्यों में चुनाव कराए जा सकते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वो राज्य हैं- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम ।विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर दिल्ली में पर्यवेक्षकों की अहम बैठक हो गई है। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दोनों चुनाव आयुक्त भी शामिल थे। साथ हीजनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर और सिक्योरिटी ऑब्जर्वर भी मौजूद थे। अगले हफ्ते चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। मीडिया में एक रिपोर्ट केमुताबिक राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव हो सकते हैं। पिछली बार भी इन राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ था। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराए जाने की संभावना है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा ।साथियों बात अगर हम दो राज्यों में मुफ्त घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करने और नोटिस जारी होने की करें तो, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की तरफ से चुनाव से पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है ।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यसरकारों केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मुफ्त की घोषणाओं पर पहले से लंबित याचिका के साथ इस मामले को भी जोड़ा गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं से आखिरकार आम लोगों पर ही बोझ पड़ता है राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के लिए ऐसी योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है, जिसमें उन्हें कैश दिया जाएगा। इसे फ्रीबीज भी कहा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने कहा कि चुनाव से पहले सभी तरह के वादे किए जाते हैं। इसपर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यहां सिर्फ वादों की बात नहीं हो रही है, इसकी वजह से नेट वर्थ निगेटिव हो रहा है। नेता जिला जेल को बेचने तक की हद तक चले गए हैं। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले को भी मुफ्त के वादों पर पहले से लंबित याचिका के साथ सुना जाएगा। राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव जीतने के लिए की जाने वाली मुफ्त की घोषणाओं के खिलाफ वकील अश्विनीउपाध्याय की याचिका पहले से लंबित है। नई याचिका मध्य प्रदेश के रहने वाले ने दाखिल की है ।उनका कहना है कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री एक के बाद एक घोषणाएं करते जा रहे हैं। इनसे सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही है। योजनाओं का खर्च आखिरकार आम लोगों को ही उठाना पड़ता है। याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री कार्यालय को भी पक्ष बनाया था। लेकिन कोर्ट ने उन्हें पक्षकारों की लिस्ट से हटाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि नोटिस राज्य सरकार को भेजा जाना चाहिए।

**किशन सनमुखदास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।**

**-सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# मण्डलायुक्त ने सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की 17वीं बोर्ड बैठक में आम नागरिकों की सुविधा पर लिए निर्णय



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष केसीटीएसएल अमित गुप्ता की अध्यक्षता में कानपुर सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की 17वीं बोर्ड बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में आयुक्त/अध्यक्ष द्वारा वर्तमान में संचालित मासिक पास योजना में दी जा रही छूट में वृद्धि करते हुए एक माह में 36 एकल ट्रिप का किराया चार्ज करने का निर्णय लिया गया। एमएसटी को ऑनलाइन बनाने की सुविधा देने हेतु कारवाई करने का निर्देश दिया गया। आम नागरिकों को सुविधा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक बसों की चार्टर दरों को 4 व 8 एवं उससे अधिक के घन्टो के स्लैब मे निर्धारित किया गया। रविवार के दिन विशेष छूट के साथ 08 घन्टे हेतु रू0 6,000 मे बसें उपलब्ध हो सकेंगी।केसीटीएसएल के अन्तर्गत कार्य कर रहे परिचालको को अनुशासनिक कारवाही के पश्चात् बचाव का पुनः एक अवसर प्रदान करने हेतु नगर आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिये गये। केसीटीएसएल के अन्तर्गत कार्य कर रहे परिचालको के प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने हेतु लोडफैक्टर निर्धारित योजना लागू करने के निर्देश दिये गये मण्डलायुक्त द्वारा मार्ग में हो रहे भ्रष्टाचार को नियन्त्रण करने हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से भी निरीक्षण कराने हेतु निर्देशित किया गया। नगर में यात्रियों की उपलब्धता के आधार पर व्यवस्थित सुविधा प्रदान करने हेतु रूट रेशलाइजेशन के निर्देश दिये गये। बस शेल्टर के अतिरिक्त पीपीपी मॉडल पर यात्रियों की सुविधा हेतु मार्ग पर साइनेज लगवाने हेतु शीघ्र कारवाई के लिये निदेशित किया गया। बैठक में शिवशरप्पा जीएन नगर आयुक्त, सलमान ताज डीसीपी (यातायात), डा0 राजेश कुमार एडीएम (सिटी), राजेश सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी, लव कुमार सिंह क्षेत्रीय प्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक परिवहन निगम/केसीटीएसएल, डीवी सिंह मुख्य संचालन अधिकारी केसीटीएसएल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय को वेस्टेज से बने फर्नीचर किये प्रदान



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय, किदवई नगर में पॉलीसाइकलिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लास्टिक वेस्टेज मटेरियल से बनाए गए फर्नीचर को विद्यालय को प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अवगत कराया गया कि प्लास्टिक वेस्टेज मटेरियल से बनाए गए फर्नीचर के उपयोग से हम पेड़ एवं पर्यावरण को संरक्षण कर सकते हैं। पालीसाइकलिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख सार्थक गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि यह कंपनी का स्टार्टअप है, जिसके द्वारा प्लास्टिक वेस्टेज मटेरियल का उपयोग करके बनाए गए फर्नीचर ?3500 से 4000 प्रति पीस है।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में नगर निगम द्वारा स्थापित किए गए झूलों हेतु पाथवे बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुशील शर्मा तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापक सहित सभी कार्यरत शिक्षिकाएं उपस्थित रही।



# नगर आयुक्त ने किया कोर्ट में सरेंडर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । नगर निगम में कार्यरत कपिलमुनि सिंह समेत 25 कर्मचारियों को वर्ष-2006 में सेवा से हटा दिया गया था। नौकरी बहाली के लिए सभी ने श्रमायुक्त की कोर्ट में केस किया था। इस मामले में आईएएस अफसरों में सबसे तेज तर्रार माने जाने वाले शहर के नगर आयुक्त जीएन शिव शरणप्पा ने एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद गुरुवार को सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

जैसे ही इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई शहर की ब्यूरोकेसी समेत लखनऊ तक हड़कम्प मच गया। हालाकिं ये कोई पहला मामला नहीं है जब किसी अफसर ने कोर्ट में सरेंडर किया हो। बता दे कि 2006 में नगर निगम के कर्मचारियों की नियुक्ति मामले में कोर्ट के बार-बार आदेश के बाद भी नगर आयुक्त वह हाजिर नहीं हो रहे थे। इसके बाद कोर्ट ने नगर आयुक्त के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सीएमएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। श्रमायुक्त ने सुनवाई के बाद वर्ष 2010 में कर्मचारियों की बहाली के आदेश दिए थे। लेकिन आदेश का पालन नहीं होने पर सीएमएम कोर्ट में वाद दाखिल किया था। बार-बार सम्मन भेजने के बाद भी नगर आयुक्त के कोर्ट में हाजिर न होने पर 22 जून 2023 को गैर जमानतीय वारंट जारी हो गया था। अधिवक्ता ने वारंट निरस्त करने के लिए अर्जी दी थी। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और नगर आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए थे। मामला आईएएस अधिकारी का है, इसलिए वारंट तामीली के लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है। कोर्ट ने माना कि नगर आयुक्त के प्रभाव और प्रशासनिक दबाव के कारण पुलिस कोर्ट के वारंट को कानूनी तौर पर तामील नहीं करा पा रही है। जानकारी होने के बाद भी नगर आयुक्त कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर नगर आयुक्त के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी कर दिया गया।

# डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में की बैठक, दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शहरी क्षत्रों में अवस्थित हाउसिंग सोसायटी तथा बहुमंजिली भवनों के लिए परिसर में स्थित कम्यूनिटी हाल/कार्यालय परिसर में स्थित आदि में मतदेय स्थल बनाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए जनपद की समस्त विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र में अवस्थित बंद हाउसिंग सोसायटी तथा बहुमंजिली भवनों का सर्वे कराया गया, जिसके आधार पर परिसर में मतदेय स्थल तैयार करने हेतु भवन की उपलब्धता एवं बहुमंजली अपार्टमेंट/हाउसिंग कॉम्पलेक्स में बूथ बनाए जाने हेतु न्यूनतम 300 मतदाओं की उपलब्धता के आधार पर सर्वे करते हुए मतदेय स्थलों का चयनांकन किया जाए।210-बिठूर में सामुदायिक केन्द्र एन0आर0आई0 सिटी, 211-कल्यानपुर में एलेन किड स्कूल रतन आर्बिट कम्पाउण्ड एवं क्लब हाउस सिग्नेचर सिटी कम्पाउण्ड, 212-गोविन्दनगर में शिवाजी भवन धर्मशाला शिवाजी नगर, कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्यालय नाण्डु नगर (माडल टाउन एच-2 ब्लाक) एवं संत कंवर राम हाल सिन्धी कालोनी शास्त्री नगर (सिन्धी कालोनी) एवं 214-आर्यनगर में कार्यालय पद्म अपार्टमेंट सिविल लाइन (पद्म अपार्टमेंट एवं गोकुल अर्पाटमेंट) में मतदेय स्थल बनाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ मतदेय स्थल के प्रस्ताव का आलेख प्रकाशन किया गया, जिसकी प्रति बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को उपल्ब्ध करायी गयी। साथ ही प्रतिनिधियों से अपने सुझाव दिनांक 08 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों/सुझावों के आधार पर समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्रस्तावों के संबंध में यथावश्यक कार्यवाही कर ली जाए।

उक्त बैठक में अवधेश सोनकर, प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी, शंकर दत्त मिश्रा, प्रतिनिधि, इण्डियन नेशनल कांग्रेस, किरनलता गौतम, प्रतिनिधि, बहुजन समाज पार्टी, उमाकान्त, प्रतिनिधि, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया (मार्क्ससिस्ट), नरेश चन्द्र अग्रवाल, प्रतिनिधि, आम आदमी पार्टी, के0के0 शुक्ला, प्रतिनिधि, समाजवादी पार्टी एवं पियुश तिवारी अपना दल सोनेलाल एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 210-बिठूर 211-कल्यानपुर, 212-गोविन्द नगर, 213-सीसामऊ, 214-आर्यनगर, 215-किदवई नगर 216-कानपुर कैण्ट एवं 217-महाराजपुर उपस्थित रहें।

# उपाध्यक्ष ने नजूल सम्पति में पार्क विकसित पर समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।उपाध्यक्ष केडीए विशाख जी0 द्वारा जनपद में नजूल की पुर्नप्रवेश की गयी एक सम्पत्ति को पार्क के रूप में विकसित किये जाने एवं गंगा बैराज के समीप स्थित केडीए के स्वामित्व बायो डायवर्सिटी पार्क के विकास के सम्बन्ध में प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उपाध्यक्ष द्वारा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को रानीघाट चौराहा से रेव थ्री मॉल के मध्य स्थित नजूल की भूमि जिसे जिला प्रशासन द्वारा रि-इण्ट्री की गयी है, को आम जनमानस हेतु पार्क के रूप में विकसित किये जाने हेतु कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत किये जाने, पार्क में बाउण्ड्रीवाल के साथ-साथ पेरीमीटर वॉकिंग ट्रैक एवं 400 से 500 मी0 के लगभग जॉगिंग ट्रैक, लाइटिंग, पार्किंग, पब्लिक टॉयलेट्स / वॉशरूम, रेस्टिंग प्वाइन्ट्स इत्यादि विकसित किये जाने हेतु ले-आउट तैयार किये जाने, पार्क में लैण्ड सर्वे कर आम जनमानस के लिये सुबह-शाम प्राकृतिक वातावरण में टहलने की दृष्टि से पाथवे (वॉकिंग ट्रैक) उक्त क्षेत्र के मध्य रेस्टिंग एरिया, टॉयलेट काम्प्लेक्स ड्रिंकिंग वॉटर, ओपन जिम, ओपन स्पेस, लाइटिंग, मध्यम गति का म्यूजिक इत्यादि निर्मित / विकसित किये जाने की योजना तैयार करने हेतु मुख्य अभियन्ता, कानपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क को विकसित किये जाने हेतु नियमत पूर्ण कार्य योजना तैयार कर ससमय चरणबद्ध रूप में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), मुख्य अभियन्ता, विशेष कार्याधिकारी (विधि) सहायक अभियन्ता एवं सम्बन्धित कन्सलटेन्ट उपस्थित रहे।

# यूएस में पत्नी व दो बच्चों के साथ मृत मिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर

**बीपीएस न्यूज**

उरई। यूएस में रह रहे उरई निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर का शव पत्नी व बच्चों के साथ आवास में संदिग्ध हालात में पडे मिले। वहीं रह रहे उनके साले को जानकारी होने पर उन्होंने उरई में रह रहे परिजनों को इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही पूरे परिवार में मातम छा गया और आसपास के लोग गमगीन हो गए। खबर मिलते ही परिजन व रिश्तेदार यूएस के लिए रवाना हो गए। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया राजेंद्र नगर बंबी रोड निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर तेज प्रताप सिंह (45) यूएस के न्यू जर्सी सिटी प्लैंसबोरो में अपनी पत्नी सोनल (40) पुत्र आयुष (10) व बेटी ऐमी (7) के साथ रहते थे। बुधवार की रात उनके आवास पर पूरे परिवार के शव संदिग्ध हालात में पड़े मिले। न्यूजर्सी में रह रहे उनके साले कानपुर निवासी सत्यम को जानकारी हुई तो उन्होंने उरई में रह रहे उनके परिजनों को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मोहल्ले में मातम छा गया।बड़े भाई विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि बड़े भाई रिटायर्ड कर्नल आनंद प्रताप सिंह के निधन होने की जानकारी पर वर्ष 2019 में वह उरई आए थे।

# कुरीतियों का तर्पण करने गंगा तट पर उतरेंगी बेटियां

- मंगलामुखी (किन्नर) समाज भी करेगा अजन्मी बेटियों का महा तर्पण
- अटल की पांचवीं बरसी पर उनकी पौत्री करेंगी श्राध्द एवं पिंडदान




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । युग दधीचि देहदान संस्थान कानपुर की बेटी बचाओ मुहिम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्भ में ही मार दी गई बेटियों को मोक्ष दिलाने हेतु नगर की विदुषी महिलायें स्वयं अपने हाथों से तर्पण एवं पिण्डदान की क्रिया पूरी करेंगी, इस अभियान में मंगलामुखी (किन्नर) समाज भी बड़ी संख्या में तर्पण कार्य करेगा। पू. प्रधानमंत्री स्व. अटल जी की पोती उनकी पांचवी बरसी पर श्राध्द व पिंडदान करेंगी, आज बिरहाना रोड स्थित एक रेस्टोरेण्ट में आयोजित पत्रकार वार्ता में अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि आगामी 8 अक्टूबर दिन रविवार को मातृ नवमी के पावन दिन नगर के सरसैया घाट पर ठीक दस बजे कार्यक्रम प्रारम्भ होगा। इस महा अनुष्ठान का उद्घाटन कै. जगतवीर सिंह द्रोण जी करेंगे, मुख्य अतिथि बहन नीलिमा कटियार होंगी, मुख्य पूजन अटल जी की पौत्री दामाद नन्दिता सुमित मिश्रा करेंगे, विशिष्ट अतिथि कन्नौज के प्रमुख उद्यमी व समाजसेवी पं. विनय दुबे होंगे। मुख्य यजमान संतोष अग्रवाल, मधुकर महाना एवं डॉ0 आनन्द निगम रहेंगे। तर्पण में डा. किरन पाण्डेय, डा. सीमा श्रीवास्तव, डा. नीलम त्रिवेदी, डा. निशा गान्धी,

पूर्व भाजपा अध्यक्ष डा. अनीता गुप्ता, सतीश महाना के परिवार से भावना महाना, रमा महाना, साधना माहना, श्रमिक भारती से सीमा पाण्डेय, कुक छाया, कुक सृष्टि, मनीषा माहेश्वरी, अंबिका श्रीवास्तव, सहित चालीस से अधिक महिलायें होंगी मंगलामुखी समाज प्रमुख काजल किरण के साथ, रीना, सोनी, लता, नीतू, नगमा आदि एक दर्जन बहने अपने तर्पण के अधिकार का प्रयोग करेंगी। संस्था द्वारा यह महा तर्पण वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष (2020 कोरोना में नहीं) कराया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में मनोज सेंगर के साथ डॉ. वी.सी. रस्तोगी (पू.सी.एम.ओ.) धर्मसंघ संयोजक पं. शेषनारायण त्रिवेदी %पप्पू % , जग महेंद्र अग्रवाल एवं अनिल राय उपस्थित रहे।

# डंपर ने टक्कर मारते हुए किशोर को कुचला मौत, परिजनो का रोकर बुरा हाल

### डंपर बैक करने के दौरान हुआ हादसा, हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। पतारा कस्बे में डंपर बैक करने में साईकिल सवार किशोर को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। शोर सुनकर चालक ने डंपर रोका तो ग्रामीणों ने किशोर को आनन फानन एंबुलेंस की मदद से पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां से प्रथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। हादसे की सूचना से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा निवासी स्व छोटे का 12 वर्षीय पुत्र पूरन साईकिल लेकर गांव के किनारे आया था, हाइवे पर पहुंचते ही सड़क किनारे खड़े डंपर अचानक बैक करने लगा, इस दौरान डंपर ने साईकिल सवार किशोर को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। शोर सुनकर डंपर चालक मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने आनन फानन 108 एंबुलेंस की मदद से पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां से डाक्टरों ने प्रथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि किशोर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। -

**सीएचसी में पहुंची भारी भीड़**

-घटना की जानकारी मिलते ही पतारा सीएचसी में ग्रामीणों की भारी भीड़ सीएचसी में जुट गई। यहां डाक्टरों ने प्रथमिक उपचार कर किशोर को रेफर कर दिया, जिसके ग्रामीण वापस अपने अपने घर चले गए। हैलट अस्पताल में किशोर के मौत की सूचना गांव पहुंची तो हर तरफ चीख पुकार मच गई।

# महंगी हाई मास्क लाईट 40 दिन में हुई खराब

### आधा दर्जन गांवो में खराब हाई मास्क लाइट, तीन माह बीतने के बाद सही नहीं हुई

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में हाई मास्क लाइट महज चालीस दिन में खराब हो गई है।

इन गावों में यह लाइट जिला पंचायत कोटे से लगवाई गई थी, लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी इन खराब लाइटों को सही नही करवाया गया है। गावो के ग्रामीणों ने कई बार फोनकर खराब पड़ी लाइटों की जानकारी जिला पंचायत सदस्यो को दी। पर तीन बीतने के बाद भी हालात ज्यों के त्यों बने हुए है। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय, संतोष शर्मा, राजकुमार तिवारी, आशू शर्मा, लालजी पूर्व प्रधान, आनन्द सविता, बाबू जी शुक्ला, रणविजय सिंह ने बताया कि उनके गांव जहागीराबाद, दतारी, हथेई, नंदना, चावर, रतनपुर, आगापुर



में जिला पंचायत कोटे से सार्वजनिक स्थानो पर हाईमास्क लाइट लगवाई गई थी। इन लाइटों के लगने के बाद से गांव रोशनी से जगमगा उठा था, पर गावो के लोगों की यह खुशी ज्यादा दिन तक नहीं रह पाई। लाइट लगने के महज चालीस दिन बाद ही हाई मास्क लाइट खराब हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा हाई मास्क लाइट खराब होने की जानकारी जिला पंचायत सदस्य को दी गई। पर तीन माह बीतने के बाद भी अभी तक हाई मास्क लाइट सही नही हुई है। नतीजन गांव में हाईमास्क लाइट शोपीस बनी खड़ी है। यही नहीं घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अन्य गांव में लगी लाइटों के यही हालात है। कानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने बताया की जल्द लाइटों को सही करवाया जायेगा।

# एडीजी जोन ने अधिष्ठापित कैमरों का किया निरीक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश के अनुपालन में कानपुर जोन के समस्त थानों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन कराया गया। जिसका औचक निरीक्षण आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद ललितपुर के महिला थाना, तालबेहट, बार, महरौनी, जनपद कानपुर देहात के थाना रूरा, भोगनीपुर एवं जनपद फर्रूखाबाद की कोतवाली फर्रूखाबाद में अधिष्ठापित कैमेरों का निरीक्षण किया गया।

# शादी का झांसा देकर रेप,गर्भवती होने पर मचा हड़कम्प

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सोशल मीडिया के इश्क में फंसा कर किशोरी की अस्मत प्रेमी ने लूट ली। प्रेमी नेशादी का झांसा देकर रेप किया। प्रेगनेंट होने पर किशोरी को गर्भपात की दवाएं खिला दीं। इससे उसकी हालत बिगड़ी तो उसने पूरे मामले की जानकारी अपनी मां को दी। परिवार के लोगों ने उसे हॉस्पिटल में एडमिट कराने के साथ कर्नलगंज थाने में आरोपी के खिलाफ रेप, पाक्सो समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईटार दर्ज कराई है। पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। 4 अक्तूबर को श्याम भवन चौराहा ओम नगर वाली गली थानाक्षेत्र नजीराबाद निवासी एक व्यक्ति ने कर्नलगंज थाने में तहरीर दी। बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को ग्वालटोली निवासी युवक दिव्य प्रकाश गौतम ने फेसबुक के जरिए 2022 में दोस्ती की थी। इसके बाद मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत करना शुरू कर दी और फिर मिलन-जुलने के लिए भी बुलाने लगा। शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन संबंध बनाए। इसके बाद 2 अगस्त 2023 को किशोरी की तबियत बिगड़ने पर युवक ने प्रेग्नेसी टेस्ट कराया तब पता चला कि वह प्रेग्नेंट हो गई है। इस वजह से उसकी तबियत बिगड़ी है। किशोरी को युवक ने मारपीट और गाली-गलौज करते हुए बताया कि अगर परिवार या अन्य किसी को जानकारी दी तो जान से मार देंगे। किशोरी के पिता की तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने आरोपी दिव्य प्रकाश गौतम के खिलाफ रेप, पाक्सो एक्ट, गर्भपात, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो गौ तस्करों को गोली लगी

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के इंचौली थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल दो गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि पुलिस को कुछ गौ तस्करों के इंचौली से खरदौनी जाने वाले मार्ग पर गौकशी करने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर एक टीम ने मौके पर छापा मारा।

सजवाण के मुताबिक, पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद पांच गौ तस्करों ने भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने जब गौ तस्करों का पीछा किया, तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाईं।

सजवाण के अनुसार, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो तस्करों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

# सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

- एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी
- एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौजूद, पड़ोसियों की गल गईं पानी की टंकियां
- फैक्टरी में एक के बाद एक कई सिलेंडर फटे

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में नौबस्ता के मछरिया में गुरुवार देर रात सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। फैक्टरी से आग लपटें उठती देख रास्ते से गुजर रही जेब्रा पुलिस की नजर पड़ी, तो आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची किदवईनगर, फजलगंज फायर स्टेशन से चार गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू किया। आग की भयावहता देख शहर व आसपास के जिलों से कई फायर स्टेशनों से पहुंची करीब एक दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। नौबस्ता के केशव विहार कॉलोनी निवासी सुनील कुमार की संजयनगर में आर्मी सूट बनाने का कारखाना व गोदाम है। ऊपरी तल पर करीब 20 मजदूर भी रहते हैं ।गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे भूतल में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। इसपर मजदूर जान बचाकर छत पर भागे। इधर रास्ते से गुजर रही जेब्रा ने लपटें उठती देखा, तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मजदूरों का रेस्क्यू करने के बाद आग बुझाना शुरू किया ।भीषण आग की जानकारी होने पर



सुबह पुलिस कमिश्नर आरके स्वर्णकार समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। फिलहाल करीब एक दर्जन गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। फैक्टरी रिहाइशी इलाके में बनी हुई है। अंदर कैमिकल रखा होने से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया ।स्थानीय लोगों के मुताबिक फैक्ट्री में 20 मजदूर परमानेंट रहते हैं। जो खाना बनाने के लिए छोटा सिलेंडर का प्रयोग करते थे। आग से एक के बाद एक कोई सिलेंडर फटने से इलाके में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। वही दमकल गर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से 50 से अधिक मकान को खाली कराया ।रिहायशी इलाके में अवैध रूप से फैक्टरी संचालित हो रही थी। घटना में कोई जनहानि नहीं है। फैक्टरी मालिक को नोटिस देकर जवाब तलब किया जाएगा। –दीपक कुमार, चीफ फायर ऑफिसर

**मिलिट्री इंटेलीजेंस के भी लोग पहुंचे**

सूत्रों के अनुसार सेवा की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग और धमाके की सूचना पर फोरेंसिक टीम, स्क्वाड केसाथ मिलिट्री इंटेलिजेंस केलोग भी वहां पहुंचे।

## शार्ट सर्किट से तीन ई बसे जलकर खाक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चकेरी में ई बस चार्जिंग प्वाइंट पर जरा सी लापरवाही से लाखों रूपये कीमत की बसे जलकर खाक हो गयी। अचानक आग लगने से चार्जिंग सेंटर में हड़कम्प मच गया। किसी तरह आसपास खड़ी अन्य बसों को हटाया गया जिससे नुकसान बढ़ने से बच गया। चकेरी स्थिति अहरिवां में ईबसों के लिये चार्जिंग प्वाइंट बना है। यहीं पर रात दस बजे के बाद शहर भर की ई बसों को खड़ा किया जाता है। साथ ही बसों का मेंटिनेश चेक करके उन्हें चार्जिंग पर लगाया जाता है। बीती रात भी सभी बसे चार्जिंग प्वाइंट पर पहुंच गयी। रात करीब 1 बजे के आसपास अचानक एक बस में शार्ट शर्किट से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। घटना के वक्त तीन से चार व्यक्ति की यहां मौजूद थे। आग की लपटों ने बगल में खड़ी दो और बसों को चपेट में ले लिया। मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह से अन्य बसों को हटाया जिससे अन्य बसे जलने से बच गयी। लाख कोशिशों के बाद भी आग की चपेट में आयी तीन बसों को जलने से नहीं बचाया जा सका। आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची लेकिन तब तक तीनो बसे जलकर खाक हो चुकी थी। पूरे मामले में जांच के आदेश दिये गये है। साथ ही आग बुझाने के संसाधनों को बढ़ाने के साथ ही मौजूद कर्मचारियों की भी जांच होगी।

## एडीजी जोन ने घायलों को उच्चस्तरीय चिकित्सा दिये जाने के दिए निर्देश

कानपुर । आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा कानपुर देहात थाना गजनेर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहजहांपुर निनाया की घटना में घायल हुये पीड़ितों से हैलट अस्पताल में उनकी कुशलता के बारे में जानकारी करते हुए डॉक्टरों से मिलकर घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी कर समुचित/उच्चस्तरीय चिकित्सा के निर्देश दिये। घटनास्थल ग्राम शाहजहॉपुर निनाया में मौके पर जाकर किया निरीक्षण तथा पीड़ित पक्ष के परिजनों/ग्रामवासियों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी कर सांत्वना देते हुये न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। थाना गजनेर पर पंजीकृत अभियोग में त्वरित कार्यवाही कराते हुए, घटना में संलिप्त अब तक कुल 07 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 03 टीमें गठित कर गांव में सुरक्षार्थ पर्याप्त पुलिस बल/पीएसी लगायी गयी।



## पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार का भेजा जेल



कानपुर, पुलिस आयुक्त जनपद कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन में व पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमिश्नरेट कानपुर नगर के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में थाना बिल्हौर पर वारण्टी अभियुक्त प्रीतू उर्फ अमित त्रिपाठी पुत्र सुशील कुमार निवासी मो0 सुभाषनगर थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष को घर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। थाना क्षेत्र की आम जनता में पुलिस के उपरोक्त कार्य की सराहना भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी ।प्रीतू उर्फ अमित त्रिपाठी पुत्र सुशील कुमार निवासी मो0 सुभाषनगर कस्बा व थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 35 वर्ष ।अभियुक्त को गिफ्तार करने वाली टीम– उ0नि0 अभिषेक सिंह उ0नि0 मनुज कुमार मौजूद रहे!

## गूगल पर हेल्पलाइन नंबर सर्च कर गंवाए चार लाख

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में सरकारी शिक्षिका को गूगल पर बैंक का हेल्पलाइन नंबर खोजना भारी पड़ गया। गलत नंबर पर बात कर वह साइबर ठगों के जाल में फंस गई और चार लाख रुपये गंवा बैठी। नौबस्ता पुलिस ने शिक्षिका की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। यशोदानगर के शंकराचार्य निवासी तृप्ति पांडेय पेशे से सरकारी टीचर हैं ।तृप्ति ने बताया कि वह कुछ समय पहले अपने बैंक खाते से भाई को आठ लाख रुपये ट्रांसफर कर रही थी, जो नहीं हुआ। हालांकि इस लेनदेन के चार्ज बैंक ने काट लिए। इस पर उन्होंने गूगल पर बैंक का हेल्पलाइन नंबर सर्च किया। उस पर संपर्क किया, तो बात करने वाले ने बैंक प्रतिनिधि बन पहले, तो उनसे एनी डेस्क एप इंस्टॉल कराया।

# डीएम ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में समस्या पर विभिन्न विभागों को किया निर्देशित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित उद्योगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारित करने के उद्देश्य से जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग, जल भराव, अतिक्रमण हटाने पार्कों में ग्रीन बेल्ट स्थापित करने आदि की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए उद्योगों के संचालन के संबंध में आने वाली विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निदान हेतु समन्वयक के रूप में मुख्य विकास अधिकारी को नामित किया गया है ।औद्योगिक प्रतिनिधियों की नगर निगम से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया गया कि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में प्रत्येक माह पृथक से बैठक आयोजित कराना सुनिश्चित किया आई0आई0ए0 द्वारा चौबेपुर फैक्ट्री एरिया में जलभराव की समस्या उठाई गई जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि नाला निर्माण हेतु स्टीमेट करते हुए प्रस्ताव तैयार कर एन0एच0ए0आई0 मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करें आई0आई0ए0 कानपुर नगर द्वारा दादा नगर मुख्य मार्ग तथा दूसरी तरफ नाली निर्माण के जाने के संबंध में समस्या उठाई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि उक्त स्थल की जांच कराकर नाली निर्माण किए जाने संबंध में आवश्यक कार्यवाही कर ली जाए ।आई0आई0ए0 कानपुर नगर द्वारा पनकी औद्योगिक क्षेत्र साइट–1 के नहर पुल से सी0टी0आई0 चौराहे तक की नहर पटरी के अतिक्रमण की समस्या के निदान हेतु अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड–2, लो0नि0वि0 द्वारा सड़क चौड़ीकरण कराए जाने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए ।चौबेपुर और आस–पास के क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग व ब्रेक डाउन की समस्या के दृष्टिगत अधिशासी अभियंता, चौबेपुर, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारी, बिल्हौर से समन्वय स्थापित कर भूमि का चिन्हांकन कर आर0डी0एस0एस0 योजनांतर्गत सबस्टेशन स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। फीटा द्वारा फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में प्राइवेट बसों के खड़े होने से जाम की समस्या उठाई गई। जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पुलिस उपायुक्त, यातायात एवं संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़क पर अनाधिकृत रूप से बसें खड़े करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्यवाही जारी रखी जाए। सी0आई0ए0 द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भीमसेन वाली सड़क पर स्थित घोड़े वाली गली तथा भीमसेन की क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण किए जाने की समस्या उठाई गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त सड़क एवं पुलिया के निर्माण हेतु आंगणन तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0 उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र सुधीर कुमार समेत समस्त औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केस्को कर्मचारियों को किट बांटने पहुंचे विधायक महेश त्रिवेदी

कानपुर। नौबस्ता डिवीजन में आज किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी द्वारा केस्को कर्मचारियों को सुरक्षा किट बाटी गई। विद्युत खंड–3 के सभी सबस्टेशन से आए कर्मचारियों ने पहुंचकर विधायक द्वारा दी गई सुरक्षा किट प्राप्त की। किट में कुल आठ प्रकार के सुरक्षा उपकरण थे। जिसमे हेलमेट, जैकेट, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी सूज, गिलप्स, अर्थिंग रॉड, पेचकस, प्लास आदि उपकरण का वितरण किया गया।

नौबस्ता डिवीजन में केस्को कर्मचारियों को किट बाटने पहुंचे विधायक महेश त्रिवेदी का स्वागत अधीक्षण अभियन्ता डीपी सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर किया। वही विधायक महेश त्रिवेदी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि केस्को कर्मचारियों के सेफ्टी को देखते हुए किट वितरण का मुख्य उद्देश्य लाइन ठीक करते समय केस्को कर्मचारियों के साथ हो रहे हादसों को रोकना है । जिससे किसी प्रकार से उनकी जान जोखिम में न



डल पाए और इस खतरनाक कार्य को अंजाम देने में किसी प्रकार से अछूते न रह पाए । वही कर्मचारियों से बात करने पर बताया कि जब बिजली फाल्ट ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ते है। तो सेफ्टी किट न होने के कारण कई समस्यायों का सामना करना पड़ता है। यही नही कर्मचारियों की जान तक बन आती है । क्योंकि आग, पानी, बिजली किसी को नही बख्शती है। यह भी बताया कि आज विधायक महेश त्रिवेदी द्वारा डिवीजन के सभी गैंगमैन को किट वितरित की गई है । इससे हम अपना काम सेफ्टी के साथ कर पाएंगे। वही अधीक्षण अभियंता डीपी सिंह ने बताया कि खंड– 3 के लगभग सभी सबस्टेशन के गैंगमैन कर्मचारियों को सुरक्षा किट विधायक के द्वारा बाटी गई । खंड तीन के छह सबस्टेशन जिसमे नौबस्ता, हैरिसगंज, जाजमऊ, दहेली, सुजानपुर, हंसपुरम के सभी गैंगमैन में 240 हेल्परो को जैकेट व कैप एवं 50 लाईनमैन को पूरी किट दी गई । किट में आठ प्रकार के सुरक्षा उपकरण दिए गए । जिसमे हेलमेट, जैकेट, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी सूज, गिलप्स, अर्थिंग रॉड, पेचकस, प्लास आदि उपकरण का वितरण किया गया।

## फर्जी इनकमटैक्स अधिकारी बनकर सिपाही से शादी कर ठगने वाली दुल्हन गिरफ्तार

कानपुर, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस आयुक्त सेन्ट्रल, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर के कुशल निर्देशन एवं थानाध्यक्ष नजीराबाद के नेतृत्व में शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान वांछित अभियुक्ता शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता देवी पुत्री बिहारी निवासिनी म0नं0 313 खुशीपुरा कचहरी के पास कानपुर मार्ग झांसी हाल पता एकता अपार्टमेन्ट रंजीत नगर कानपुर नगर उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया अभियुक्ता को गिरफ्तार कर माननीय



न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है ।अपराध का तरीका सोशलमीडिया के माध्यम से पुलिस के सिपाही से दोस्ती कर अपनी गलत पहचान बतायी और 2021 में उससे शादी के पहले 6,21,000/– रुपये इस बात के ले लिए कि शादी मे दोनो लोग मिलकर स्कार्पियो गाड़ी दिखायेंगे जब इंगेजमेन्ट मे स्कार्पियो गाड़ी नही आयी तो उक्त वादी द्वारा पूछा गया कि गाड़ी नही आयी तो अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि अभी वेटिंग लम्बी है शादी के समय तक आ जायेगी इस प्रकार उससे ठगी कर ली शादी के समय में शादी में आये समस्त रिश्तेदार किराये के रिश्तेदार निकले तथा शादी में एक इनोवा क्रिस्टा गाड़ी मंगायी गयी वह भी किराये की निकली उक्त महिला शिवांगी सिसौदिया उर्फ सविता देवी पुत्री बिहारी निवासिनी म0नं0 313 खुशीपुरा कचहरी के पास कानपुर मार्ग झांसी ने खुद को इनकम टैक्स का इंस्पैक्टर बताकर पुलिस के सिपाही से शादी की जब कि वह पहले से शादी शुदा थी और दो बच्चो की मां है उसने पीड़ित को बताया कि उसका ट्रान्सफर चण्डीगढ जिससे उसे अब बाहर रहना पड़ेगा एक दिन अचानक रात्रि में वादी की ड्यूटी लगी हुई थी वह रात्रि में अचानक अपने घर पंहुचा तो उसने अपने किराये के घर रंजीत नगर में एक अज्ञात व्यक्ति को अपनी कथित पत्नी के साथ पाया जब उसने उस अज्ञात व्यक्ति के बारे में पूछतांछ की तो कोई संतोष जनक जवाब न मिलने केक रण वादी द्वारा अपने स्तर से छानबीन करना शुरु कर दिया छानबीन के दौरान उक्त सम्पूर्ण तथ्य प्रकाश मे आये जिसके आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## मुखौटा कम्पनियों के सहारे करोड़ों रूपयों की हेराफेरी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर के सबसे बड़े कारपोरेट घराने में पड़ी आयकर विभाग की छापेमारी समाचार लिखे जाने तक छापेमारी चल रही थी। इस बीच सौ करोड़ के आसपास का फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिसमें कई मुखौटा कम्पनियों से लोन दिखाकर करोड़ों रूपयों को इधर से उधर किया गया। अभी तक तीन किलो सोना, तीन करोड़ कैश समेत कई दस्तोजव मिले है। इसके अलावा अन्य शहरों में चल रही छापेमारी में क्या कुछ मिला इसकी जानकारी नहीं मिली है। शहर के सबसे बड़े कारपोरेट घराने मयूर ग्रुप में गुरूवार की सुबह आयकर विभाग की 35 टीमों ने एक साथ कानपुर समेत अन्य जिलों में छापेमारी की थी। शुक्रवार को भी छापेमारी चलती रही। करीब पचास से ज्यादा अफसरों की टीम ने मयूर वनस्पति के मालिक मनोज गुप्ता, उनके भाई के एमरॉल्ड हाउस से करोड़ों की नकदी बरामद की है। आयकर विभाग के सूत्रों की माने तो अभी एमरॉल्ड स्थित बंगले की कीमत की करीब पचास करोड़ के आसपास है साथ ही घर में दो खुफिया कमरे भी मिले जिनमें सोना और कैश समेत दस्तावेज रखेथे। ये कमरे एक शीशे के पीछे छुपाये गये थे। अफसरों ने शीशे को दबाया तो पीछे की तरफ लगा बटन दबते ही साइड से लाइट जलने लगी शीशों को सरकाया तो अफसरों के होश उड़ गये। फिल्म रेड की तरह ही खुफिया रूप से बनाये गये कमरे में करोड़ों का सोना और कैश मिला। सूत्रों के अनुसार छापेमारी में कानपुर समेत कई जिलों और प्रदेश में अरबों रूपये की प्रापर्टी में धन लगाये जाने की बात सामने आयी है। जबिक कम्पनी का टर्न ओवर सौ करोड़ महिने का बताया जा रहा है। बता दे कि जो सोना, जेवरात और हीरे बरामद हुए उसका कनेक्शन कुछ माह पूर्व पकड़े गये बुलियन कारोबारी संजीव अग्रवाल से जुड़ रहे है। सूत्रों की माने कई सर्राफा और बुलियन कारोबारियों को राडार पर लेने के बाद ही मयूर ग्रुप में बड़े पैमाने पर आयकर समेत कई मनी लर्डिंग की जानकारी मिली थी।

# आत्मनिर्भर भारत नीति के मुहिम को आगे बढ़ा रहा है जीआईएल




कानपुर। जीआईएल के पैराशूट इस समय विश्व बाजार में अपनी विशिष्टता के लिए जाने एवं पहचाने जा रहे हैं ।देश की प्रतिष्ठित पैराशूट निर्माता डीपीएसयू ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विजय कुमार तिवारी शुक्रवार को ग्लाइडर्स इंडिया के कारपोरेट मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जीआईएल ने अपने गठन के साथ ही अब तक के अपने दो वर्षों की यात्रा में लगातार नये–नये उच्च सोपानों को छुए हैं। सीएमडी श्री तिवारी ने बताया कि अक्टूबर 2021 में ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड (जीआईएल) के गठन के समय चेंज मैनेजमेण्ट की सबसे बड़ी चुनौती थी। नि:संदेह, हम इस चुनौती को पार करने में पूरी तरह सफल रहे। नए–नए उत्पाद बनाने में हम अग्रणी हैं, साथ ही उत्पादों को प्रोडक्शन लाइन में लाने में भी, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि अपने उत्पादों में उत्कृष्टता के साथ विश्व बाजार की प्रासंगिकता को कायम रखते हुए विगत वर्षों में जीआईएल का भविष्य उज्ज्वल बने। उन्होंने कहा कि जीआईएल ने पिछले वर्ष 200 करोड़ का रिकार्ड उत्पादन किया, जोकि पैराशूट उत्पादन के क्षेत्र में अपने आप में कीर्तिमान है। यही नहीं, पिछले दो वर्षों में जीआईएल को हम एक प्राफिट अर्निंग कंपनी के रूप में स्थापित करने में सफल रहे हैं। निर्यात के क्षेत्र में भी जीआईएल ने नये मुकाम हासिल किये हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में हमारे रक्षा मंत्री ने केन्या को जीआईएल द्वारा निर्मित पीटीए–एम व पीटीए–आर पैराशूट्स भेंट किये थे, इन पैराशूटों को वहां की सेना द्वारा अपने उपयोग में लाया जाएगा। जीआईएल तुर्कमेनिस्तान, मलेशिया, केन्या, अंगोला, नेपाल, इंडोनेशिया आदि तमाम देशों के संपर्क में हैं। पहले भी इंडोनेशिया, मलेशिया, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान जैसे कई देशों में पैराशूटों के विभिन्न निर्यात ऑर्डर निष्पादित किये जा चुके हैं ।निदेशक (परिचालन एवं मानव संसाधन) सुनील दाते ने कहा कि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री तिवारी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीआईएल, पैराशूट के एक प्रतिष्ठित उत्पादक के रूप में, लगातार अपनी वैश्विक उपस्थिति दर्ज करा रहा है, जो लगातार अपनी गुणवत्ता, प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को अपने मूल्यों पर शीर्ष पर रखे हुये है ।निदेशक वित्त सुरेन्द्र धापोड़कर ने बताया कि जीआईएल पैराशूट का एक विश्वस्तरीय निर्माता है और एक विश्वसनीय वैश्विक ब्रांड के रूप में उभरता जा रहा है। आप देख सकते हैं कि पूरे एशिया में जीआईएल पैराशूट के सबसे बड़े निर्माताओं में से अग्रणी भूमिका में है। पैराशूट निर्माण में आधुनिक बुनियादी ढांचे और कुशल विशेषज्ञों के साथ, हम पैराशूट निर्माण उद्योग में एक वैश्विक एवं विश्वसनीय ब्रांड हैं। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक बी एल मीना उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा चोर को पुलिस ने जेल भेजा

कानपुर, एतिशाम पुत्र सुभान नि0 धनकुट्टी कुलीबाजार कानपुर नगर ने उपस्थित आकर सूचना दिया कि अज्ञात चोर द्वारा मेरा ई–रिक्शा चोरी हो गया है। एतिशाम की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 96 / 2023 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त पूर्वी कानपुर नगर के निकट निर्देशन में एवं सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल पर्यवेक्षण में मुकदमा उपरोक्त में चोरी गये माल मुल्जिमान की तलाश पतारसी सुरागरसी से अनि0 जितेन्द्र कुमार व का0 799 रोहित अहिरवार द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सुमित तिवारी पुत्र बृजेश कुमार तिवारी नि0 1460 नारायनपुरी थाना हनुमंत बिहार कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष को मय चोरी गये वाहन ई रिक्शा नं0 क्क78 ।।ह्व0629 के साथ मंजू श्री टाकिज के गेट के पास बाहर से हिरासत पुलिस में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है ।नाम पता अभियुक्त–सुमित तिवारी पुत्र बृजेश कुमार तिवारी नि0 1460 नारायनपुरी थाना हनुमंत बिहार कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष बरामदगी हुई।

# भूलकर भी अंडों के साथ न करें इन 5 चीजों का सेवन, पड़ जाएंगे बीमार



संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे, सेहत के लिए फायदेमंद होने की वजह से अंडों पर बनी ये कहावत तो हम सब बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। अंडे में विटामिन ए, बी 6, बी 12, प्रोटीन, फोलेट, आयरन, एमिनो एसिड, फास्फोरस और सेलेनियम एसेंशियल अनसैचुरेटेड फैटी एसिड्स (लिनोलिक, ओलिक एसिड) जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यही वजह है कि अंडे को सेहत के लिए सुपरफूड तक कहा गया है। इसका रोजाना सेवन शरीर को कई फायदे पहुंचाता है।

लेकिन क्या आप जानते हैं सेहत के लिए इतना फायदेमंद होने के बावजूद अगर अंड़ों का सेवन इन 5 चीजों के साथ कर लिया जाए तो ये फायदा नहीं उलटा सेहत को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। आइए जानते हैं आखिर अंडे के साथ किन 5 चीजों का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

**अंडा और चीनी**–अंडे के साथ चीनी का सेवन करने से आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है। अंडे और चीनी से निकलने वाला अमीनो एसिड शरीर के लिए विषाक्त हो जाता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को शरीर में खून के थक्के बनने की समस्या भी हो सकती है।

**अंडा और सोया मिल्क**–सोया मिल्क में वेजिटेबल प्रोटीन, फैट्स, कार्ब्स, विटामिन और मिनरल्स आदि प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। लेकिन अगर आप सोया मिल्क का सेवन अंडे के साथ करते हैं तो आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**अंडा और चाय** –अंडे के साथ चाय पीने से व्यक्ति को कब्ज और पाचन से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। यही वजह है कि अंडे और चाय का एकसाथ सेवन नहीं करने की सलाह दी जाती है।

**अंडा और केला**–अंडा और केला, ये दोनों ही कॉम्बिनेशन आपकी सेहत के लिए बहुत खराब माने जाते हैं। अगर आप इन दोनों चीजों का सेवन एकसाथ करते हैं तो आपको अपच और कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**अंडा और खट्टी चीजें**–अंडा खाने के बाद कभी भी खट्टी चीजों का सेवन न करें। ऐसा करने से हार्ट अटैक और दिल से जुड़ी कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

# गर्म खाने की चीजों में क्यों नहीं डालना चाहिए नींबू



नींबू इंडियन फूड का एक अहम हिस्सा है। वेट लॉस से लेकर खाने का स्वाद बढ़ाने तक में नींबू का इस्तेमाल किया जाता है। नींबू डालकर ही सलाद और चाट में स्वाद आता है। नींबू सिर्फ स्वाद ही नहीं बढ़ाता बल्कि यह विटामिन्स से भी भरपूर होता है। इसमें विटामिन सी, विटामिन बी6, विटामिन ए, विटामिन ई मौजूद होते हैं। नींबू फोलेट, नियासिन, थायमिन, राइबोफ्लेविन का भी अच?छा स्त्रोत है। नींबू को आप अपने हिसाब से किसी भी डिश में डाल सकते हैं लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि नींबू को गर्म चीजों पर नहीं डालना चाहिए। गर्म खाने या गर्म ड्रिंक्स में नींबू का रस मिलाना सेहत के लिए ठीक नहीं होता।

**गर्म खाने में क्यों नहीं डालना चाहिए नींबू**

कई बार हम किसी डिश को पकाते समय नींबू का रस मिलाते हैं ताकि उसमें थोड़ा-सा फ्लेवर डाला जा सके। इसमें कोई शक नहीं कि नींबू मिलाने से इसका स्वाद बढ़ जाता है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि गर्म खाने में विटामिन सी मिलाने से विटामिन सी का पोषण भाग कम हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि विटामिन सी गर्मी के प्रति बेहद संवेदनशील होता है, इसलिए आप सब कुछ खत्म कर देते हैं। गर्मी के संपर्क में विटामिन सी में पोषक तत्वों को पतला करने का कारण विटामिन सी में एस्कॉर्बिक एसिड की उपस्थिति के कारण होता है। उच्च तापमान के संपर्क में आने पर यह तेजी से खराब हो जाता है और यह कम प्रभावशाली होता है।

**आयुर्वेद में नींबू की है खास जगह**

नींबू के हेल्थ बेनिफिट्स की बात करें, तो स्किन और बालों के लिए फायदेमंद होने के साथ नींबू गले में इंफेक्शन, एसिडिटी, पायरिया, बुखार, मोटापा आदि हेल्थ प्रॉब्लम्स में बहुत कारगर है। आप अगर वेट लॉस करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में नींबू को जरूर शामिल करें।

# वज़न, ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखती है सूजी



कई व्यंजनों में सूजी का इस्तेमाल मुख्य सामग्री के रूप में किया जाता है। यह लगभग हर भारतीय रसोई में मौजूद होती है। पोषक तत्वों से भरपूर सूजी आपकी स्वादिष्ट व्यंजनों की सामग्री होने के साथ ही सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है।

**पोषक तत्वों का खजाना है सूजी**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित एक डेटा के अनुसार सूजी कैलोरी, कार्ब्स, प्रोटीन, थायमिन, फाइबर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, आयरन, मैग्नीशियम का एक अच्छा स्त्रोत है। यह सभी पोषक तत्व आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इनके लिए जरूरी है कि आप सूजी से बने व्यंजनों को अपनी डाइट में शामिल करें। यदि आप वेट लॉस पर हैं, तो भी यह आपके लिए एक हेल्दी विकल्प साबित हो सकता है।

**हार्ट हेल्थ को बनाए रखे**

सूजी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर मौजूद होता है, जो हार्ट डिजीज की संभावना को कम कर देता है। वहीं यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और सूजन को कम करता है। जो कि हार्ट हेल्थ को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। पब मेड सेंट्रल द्वारा प्रकाशित डेटा के अनुसार सूजी का नियमित सेवन दिल से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद करता है।

**ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखे**

पब मेड सेंट्रल के अनुसार सूजी मैग्नीशियम और डाइटरी फाइबर का एक अच्छा स्त्रोत है। जो ब्लड शुगर लेवल को इंप्रूव करने में मदद करते हैं। फाइबर ब्लडस्ट्रीम में कब्ज की मात्रा को कम कर देता है, जो कि ब्लड शुगर लवर को अचानक बढ़ने से रोकते हैं।

**पाचन क्रिया को संतुलित रखे**

फाइबर से युक्त सूजी पाचन क्रिया को संतुलित रखती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक यह डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में गट फ्रेंडली बैक्टीरिया की ग्रोथ को प्रमोट करती है। जिस वजह से पाचन क्रिया संबंधी समस्याएं जैसे कि अपच, कब्ज इत्यादि आपको परेशान नहीं करती।

**वजन को नियंत्रित रखने मे मददगार**

यदि आप वेट लॉस प्लान कर रही हैं तो, अपनी डाइट में सूजी को शामिल कर सकती हैं। पोषक तत्वों से भरपूर सूजी थायमिन, फोलेट और विटामिन बी का एक अच्छा स्त्रोत है। सूजी का सेवन आपको लंबे समय तक संतुष्ट रखता है और आप ओवरईट नहीं करती। जिससे वजन को नियंत्रित रखना आसान हो जाता है।सूजी में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है। वेट लॉस डाइट में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करना बहुत जरूरी है। शरीर में प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा फैट लॉस को प्रमोट करती है।सूजी का इस्तेमाल सामान्य रूप से आटे की जगह कर सकती हैं। जैसे कि चपाती, चीला जैसे खाद्य पदार्थों को बनाने में इसका प्रयोग करें।

सूजी को लगभग सभी साउथ इंडियन फूड्स को बनाने में इस्तेमाल कर सकती हैं। सूजी से बना उपमा, डोसा, इडली, इत्यादि को अपनी डाइट में शामिल कर सकती हैं। ये सभी सेहत को बनाए रखने में आपकी मदद करेंगे।



# वैज्ञानिकों की चेतावनी खराब हवा में सांस लेने वाली मां के बच्चे हो सकते हैं बौने

गर्भवती महिलाएं अगर रासायनिक उद्योगों की वजह से होने वाले वायु प्रदूषण के संपर्क में आती हैं, तो इसका असर उसके पेट में पल रहे बच्चे पर भी पड़ता है। इसके दुष्परिणामों के कारण जन्म के समय शिशु का वजन और कद कम हो सकता है। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के डाटाबेस पबमेड और मेडिकल संबंधी स्वतंत्र डाटाबेस स्कोपस पर प्रकाशित 45 लेखों, शोधों और अध्ययनों की समीक्षा में यह निष्कर्ष सामने आए हैं।शोधकर्ताओं ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान प्रदूषण के इन सूक्ष्म कणों के संपर्क में आने से जन्म के समय शिशु का वजन सामान्य से कम हो सकता है। साथ ही उन्हें अस्थमा, ऑटिज्म भी हो सकता है। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषक पीएम 2.5 और नीदरलैंड में पैदा हुए करीब चार हजार सिंगलटन शिशुओं के जन्म के वजन के बीच संबंध को देखा।

**ये हो सकते हैं नुकसान–**

**गर्भपात**–वायु प्रदूषण से गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। ऐसा गर्भनाल में सूजन बढ़ने की वजह से होता है, जिससे भ्रूण के विकास में दिक्कतें आती हैं।

**थायराइड**–प्रदूषण गर्भवती महिला के थायराइड को प्रभावित करता है। भ्रूण के विकास और मेटाबोलिज्म को नियमित करने के लिए यह बहुत जरूरी होता है।

**ये प्रदूषक है जिम्मेदार–**

- पीएम2.5, पीएएचएस, बेंजीन और कैडमियम जैसे औद्योगिक वायु प्रदूषकों से बच्चे समय से पहले ही पैदा हो सकते हैं।
- नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) शिशु के कम वजन के लिए जिम्मेदार हैं।
- इन सभी प्रकार के प्रदूषकों से शिशु के सिर की परिधि भी प्रभावित हो सकती है।

गर्भवती महिला बचाव के लिए अपनाएं ये **उपाय–**

- वायु प्रदूषण के खतरनाक प्रभावों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अच्छी गुणवत्ता वाला मास्क पहनें।
- घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने के लिए एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- संभव हो तो गर्भावस्था के दौरान घर में ही रहें, ज्यादा जरूरी होने पर ही बाहर निकलें।
- घर के अदंर हवा को शुद्ध करने वाले पौधे लगाएं।



# आयुर्वेदिक चीजों में छिपा है याददाश्त बढ़ाने का गुण, बच्चे हो या बड़े फॉलों करें ये टिप्स

रिसर्च में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि मस्तिष्क के बेहतर विकास के लिए संपूर्ण और पौष्टिक आहार काफी जरूरी होता है। ऐसे में अगर आपको भी लगता है कि आपकी याददाश्त कमजोर हो रही है तो ये आयुर्वेदिक उपाय उम्र बढ़ने पर याददाश्त का कमजोर होना स्वाभाविक बात है। लेकिन कम उम्र में ही अगर आप चीजें रखकर भूल जाते हैं या फिर आपको किसी की कही बात याद नहीं रहती हैं तो यह आपकी याददाश्त कमजोर होने की तरफ इशारा है। ये समस्या आजकल सिर्फ युवाओं में ही नहीं बल्कि कुछ बच?चों में भी देखी जाती है, उन्हें भी बातें और चीजें याद रखने में दिक्कत होती है। ऐसा अक्सर पोषण की कमी या किसी चोट या बीमारी की वजह से भी हो सकता है। रिसर्च में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि मस्तिष्क के बेहतर विकास के लिए संपूर्ण और पौष्टिक आहार काफी जरूरी होता है। ऐसे में अगर आपको भी लगता है कि आपकी याददाश?त कमजोर हो रही है तो ये आयुर्वेदिक उपाय आपकी याददाश्त बढ़ाने में आपकी मदद कर सकते हैं। –ब्राह्मी दूध का नियमित रूप से सेवन करने से याददाश्त तेज होती है, सबसे अच्छी बात यह है कि इसका कोई साइड-इफेक्ट नहीं होता है। ब्राह्मी दूध को तैयार करने के लिए 1 गिलास दूध में आधा चम्मच ब्राह्मी डालकर इसे करीब 2 मिनट तक उबालें। अब सोने से पहले इस दूध को पिएं। –केसर और गाजर का जूस का सेवन करने से याददाश्त क्षमता में सुधार आता है। इनमें कैरोटेनॉयड्स की उपस्थिति होती है, जो मेमोरी पावर को बूस्ट करता है। गाजर का जूस बनाने के लिए 3 फ्रेश गाजर लें, इसमें 1/4 चुकंदर, 1 चम्मच अलसी और कुछ बूंदे ऑलिव ऑयल की मिक्स करें और अच्छे से पीस लें।

# चेहरे पर नेचुरल ग्लो के लिए रोजाना पिएं एक कप हर्बल टी

**हर्बल टी बहुत फायदेमंद होती है। हेल्थ के अलावा स्किन के लिए भी यह टी बहुत फायदेमंद है। आइए, जानते हैं आपको रोजाना एक कप हर्बल टी क्यों पीनी चाहिए। चेहरे पर नेचुरल ग्लो के लिए रोजाना पिएं एक कप हर्बल टी, एजिंग हो जाएगी स्लो डाउन और मिलेंगे ये फायदे**



हर्बल टी का नाम लेते ही क्या आप मुंह कड़वा हो जाता है? अगर ऐसा है, तो आपको हर्बल टी को अपनी लिस्ट से निकालने से पहले एक बार इसके फायदे जरूर जान लेने चाहिए। हर्बल टी बहुत फायदेमंद होती है। हेल्थ के अलावा स्किन के लिए भी यह टी बहुत फायदेमंद है। हर्बल टी की बात करें, तो यह चाय की पत्तियों और उपचार जड़ी बूटियों का एक मिश्रण है, जो आपकी काफी हेल्थ प्रॉब्लम्स को पनपने से पहले ही रोकती है। बदलते मौसम में जैसे शुरुआती सर्दियों में आपको रोजाना एक कप हर्बल टी जरूर पीनी चाहिए।

**एंटी एजिंग गुण** –आपको अगर नेचुरल ग्लो चाहिए, तो अपनी डाइट में हर्बल टी को जरूर शामिल करें। हर्बल टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स की बदौलत एजिंग को स्लो डाउन कर सकते हैं। इससे आपकी कई स्किन प्रॉब्लम्स भी ठीक हो जाती हैं।

**डाइजेशन रहता है बेहतर**

हर्बल टी पीने से डाइजेशन सिस्टम बेहतर होता है। पुदीना, हर्बल चाय का एक घटक, भूख को दबाता है और ज्यादा खाना खाने की इच्छा को कम करता है। फैट को कम करने के साथ यह एसिडिटी, सूजन और उल्टी की संभावना को कम करने में भी मदद करते हैं।

**स्ट्रेस कम होता है**–जब तनाव कम करने और अनिद्रा का इलाज करने की बात आती है, तो हर्बल चाय इन प्रॉब्लम्स पर बहुत अच्छा काम करती है। अनिद्रा का अनुभव करने वाले कई लोगों के लिए अक्सर सोने से पहले हर्बल चाय पीने की सलाह दी जाती है।



# नया या पुराना, कौन सा टैक्स स्लैब होगा फायदेमंद




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 7 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। विशेषज्ञों की मानें तो बजट आम आदमी के फायदों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

## पुरानी टैक्स व्यवस्था V/S नई टैक्स व्यवस्था

### पुरानी टैक्स व्यवस्था

इस व्यवस्था में **ढाई लाख** रुपये की इनकम पर **शून्य** है। ढाई लाख से **पांच लाख** रुपये की आय पर **5%**, **5 से 10 लाख** रुपये की आय पर **20%** और 10 लाख रुपये से अधिक की आय पर कर **30%** कर लगेगा।




### नई टैक्स व्यवस्था

**3 लाख रुपये** तक आय पर कोई **टैक्स नहीं**। 3 से 6 लाख रुपये पर **5 प्रतिशत**, 6 से 9 लाख रुपये पर **10 प्रतिशत**, 9 से 12 लाख रुपये पर **15 प्रतिशत** और 12-15 लाख रुपये तक **20 प्रतिशत** और 15 लाख रुपये से ऊपर की आय पर **30%** कर लगेगा।

### पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती

पीपीएफ, इक्विटी-लिंक्ड बचत योजनाएं, ईपीएफ, जीवन बीमा प्रीमियम, गृह ऋण का मूलधन और ब्याज घटक, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, एनपीएस में निवेश, बच्चों के लिए शिक्षण शुल्क और बचत खाते का ब्याज।



### नई कर व्यवस्था के तहत रियायतें

**वरिष्ठ नागरिकों** के लिए व्यक्तिगत आयकर छूट की सीमा **2.25 लाख** रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर **2.40 लाख** रुपये कर दी गई है, जिससे उन्हें **1,545 रुपये का लाभ** होने का वादा किया गया है। **आयकर छूट** की सीमा **1.80 लाख** रुपये से बढ़ाकर **1.5 लाख** रुपये की गई है। **महिला करदाताओं** के लिए **1.90** लाख रुपये और **व्यक्तिगत करदाताओं** की अन्य सभी श्रेणियों के लिए **1.50 लाख** रुपये से **1.60 लाख** रुपये के परिणामस्वरूप **1,030 रुपये** की बचत हुई है।

### यहां मिलेगी छूट

मकान किराया भत्ता, छुट्टी यात्रा भत्ता, मोबाइल और इंटरनेट के लिए प्रतिपूर्ति, खाद्य कूपन या वाउचर, कंपनी-लीज्ड कार, मानक कटौती, वर्दी भत्ता, और अवकाश नकदीकरण।





# नेपाल में हिंदुओं को पहली बार दौड़ा-दौड़ाकर मारा, बिगड़ते हालात के बीच यूपी के 7 जिलों में अलर्ट



हिंदुओं और मुसलमानों के बीच तेजी से बढ़ते तनाव के बाद दक्षिण पश्चिम नेपाल के शहर में लॉकडाउन लागू होने और सुरक्षा बढ़ाए जाने के बाद रात शांति से गुजरी। क्षेत्रीय केंद्र शहर नेपालगंज में सप्ताहांत में परेशानी तब शुरू हुई जब एक हिंदू लड़के ने सोशल मीडिया पर मुसलमानों के बारे में एक स्टेटस पोस्ट किया। मुसलमानों ने क्षेत्र के मुख्य सरकारी प्रशासक के कार्यालय भवन के अंदर स्थिति का विरोध किया, सड़कों पर टायर जलाए और यातायात अवरुद्ध कर दिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने बहराइच जिले की सीमा से लगे नेपाल के बांका जिले में हिंसा के बाद भारत-नेपाल सीमा से लगे राज्य के सात जिलों में अलर्ट जारी कर दिया है। स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की जॉइंट गश्त बहराइच और नेपाल के साथ सीमा साझा करने वाले दूसरे छह जिलों में तेज कर दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारतीय क्षेत्र में हिंसा न फैले, सीमा पार आवाजाही रोक दी गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस भारतीय क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र सीमा बल और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी भेव के पांच जिले- बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज और पश्चिमी क्षेत्र के दो जिले- पीलीभीत और लखीमपुर खीरी, नेपाल के साथ 599 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। बहराइच के स्क्र्रप्रशांत वर्मा ने कहा कि नेपाल के बांका जिले में मंगलवार को सद्भावना रैली के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी।

एक बड़ी हिंदू रैली आयोजित की गई जब तक कि प्रदर्शनकारियों पर पत्थर और बोतलें नहीं फेंकी गईं, जिसके परिणामस्वरूप कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हिंदू विरोध प्रदर्शन पर हमले के बाद राजधानी काठमांडू से लगभग 400 किलोमीटर (250 मील) पश्चिम में नेपालगंज में मंगलवार दोपहर से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया था। हिंसा की जो तस्वीरें सामने आई है, उसमें साफ दिख रहा है कि कट्टरपंथी समूह छतों पर से हिन्दुओं पर पत्थर बरसा रहे हैं। हाथों में धार्मिक ध्वजा लिए हिन्दू भाग रहे हैं और छतों पर से उन पर ईंट-पत्थर बरसाए जा रहे हैं।

## M Shivraj ने महिला पत्रकारों के लिए फेलोशिप की घोषणा की, छोटे समाचार पत्रों के लिए विज्ञापन की गारंटी दी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पत्रकारों के लिए कई कल्याणकारी कदमों की घोषणा की, जिनमें महिला पत्रकारों के लिए फेलोशिप और छोटे समाचार पत्रों के लिए विज्ञापनों की गारंटी शामिल है।मुख्यमंत्री यहां 28 करोड़ रुपये की लागत से दो साल में बनने वाले स्टेट मीडिया सेंटर की आधारशिला रखने के बाद बोल रहे थे। चौहान ने कहा, '' माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और (सरकार के) जनसंपर्क विभाग के माध्यम से विकासात्मक कार्यों का अध्ययन करने के लिए हर साल पांच महिला पत्रकारों को फेलोशिप मिलेगी।''उन्होंने कहा कि छोटे अखबारों को हर दूसरे महीने कम से कम एक सरकारी विज्ञापन मिलेगा और 70 साल से अधिक उम्र के पत्रकारों को स्थायी मान्यता कार्ड मिलेंगे। चौहान ने जनसंपर्क विभाग के पात्र अधिकारियों को वरिष्ठ पद और सहायक निदेशकों के लिए उचित वेतन वृद्धि सहित रियायतों की भी घोषणा की।उन्होंने हिंदी पत्रकारिता को समृद्ध बनाने में दिवंगत पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, हरिशंकर परसाई, वेद प्रताप वैदिक और प्रभाष जोशी जैसे प्रसिद्ध पत्रकारों के योगदान को भी याद किया।उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम, आपातकाल, युद्ध की अवधि और कोविड-19 महामारी के दौरान पत्रकारों के योगदान के बारे में भी बात की।स्टेट मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल, मिनी ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी, आउटडोर और इनडोर गेम सुविधा, वर्क स्टेशन, मीडिया कार्यालयों और रेस्तरां सहित कई सुविधाएं होंगी।

# कारखाना झांसी में कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरोध में भारतीय मजदूर संघ आंदोलन की राह पर




भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई झांसी की बैठक में बैगन मरम्मत कारखाना झांसी के कर्मचारियों के उत्पीड़न की कार्यवाही के विरोध में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। भारतीय मजदूर संघ की ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक झांसी, मुख्य कार्मिक अधिकारी औद्योगिक संबंध उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, सहायक श्रम आयुक्त केंद्रीय झांसी को पत्र लिखकर मांग की गई है कि कर्मचारियों का उत्पीड़न तत्काल बंद किया जाए जिन कर्मचारियों को भारी दंड देकर दंडित किया गया है उनको अविलंब निरस्त किया जाए तथा तत्काल रेल सेवा में लिया जाए। जिला अध्यक्ष सी के चतुर्वेदी ने बताया है कि कारखाना प्रबंधन ने नियम कानून को ताक रखकर अनफेयर लेबर प्रेक्टिस अपनाते हुए श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन किया है जिसके लिए दंड विधान निर्धारित है। यदि भारतीय मजदूर संघ के इस पत्र का संज्ञान लेकर कर्मचारियों के पक्ष में अभिलंब निर्णय नहीं लिया गया तो संघ आंदोलन एवं कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने के लिए बाध्य होगा। बीएमएस ने रेलवे पर कार्य कर रहे मान्यता प्राप्त संगठनों एवं अन्य सभी संगठनों व एसोसिएशनों से भी कर्मचारियों के हित में सहयोग के लिए आह्वान किया है।

भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई ने पत्र की प्रति राष्ट्रीय सचिव भारतीय मजदूर संघ, राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय रेलवे मजदूर संघ, उत्तर प्रदेश महामंत्री बीएमएस को भेज कर इस प्रकरण को उच्च स्तर पर हल करने हेतु सहयोग की मांग की है।बैठक में मुख्य रूप से विभाग प्रमुख अवधेश सक्सेना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार तिवारी, जिला मंत्री विजय नारायण शर्मा, महामंत्री हेमंत कुमार विश्वकर्मा, वेद प्रकाश पुरोहित, नीरज वर्मा, उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, गीता सचान, ज्योत्सना सिंह, पुत्तू सिंह, ओपी शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतीश गुप्ता, पप्पू राम सहाय, मंडल मंत्री ए के शुक्ला, दया निधि मिश्रा, आर के ठकुरानी, मोहित रायकवार, नीरज, विवेक, कपीश इत्यादि उपस्थित रहे। जिला संगठन मंत्री एम के नगाइच जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जमीनी विवाद को लेकर खूनी खेल, देवरिया में एक परिवार के छह सदस्यों की हत्या कर उतारा मौत के घाट




उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के छह लोगों की हत्या हो गई है। सोमवार को जमीनी विवाद के कारण दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ है। इस दौरान जोरदार फायरिंग की गई, जिससे पूरा इलाका दहल गया। फायरिंग में कई लोग घायल भी हुए है। घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह करीब छह बजे जमीन के विवाद को लेकर सत्य प्रकाश दुबे और उसके परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गयी। बताया जाता है कि इस वारदात को दो दिन पहले जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव की धारदार हथियार से हुई हत्या के प्रतिशोध में अंजाम दिया गया है। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून—व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि यादव के समर्थकों ने दुबे के घर पर हमला कर दिया, जिसमें दुबे सहित पांच लोग मारे गए। बता दें कि घटना के बाद पुलिस भी सकते में है।

उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर दुश्मनी थी। कुमार ने बताया कि इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुछ लोग जख्मी भी हुए हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सभी मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं।

बता दें कि घटना के बाद से ही गांव भर में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसे देखते हुए घटना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इलाके में चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती है। मौके पर पीएसी भेजी गई है। जानकारी के मुताबिक दो पक्षों में जमीनी विवाद के कारण रंजिश लंबे अर्से से चल रही थी। इसी बीच सोमवार की सुबह मामला खूनी खेल तक पहुंच गया जहां छह लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई है।

# किस पार्टी को सपोर्ट करते हैं बागेश्वर बाबा? खुद कर दिया बड़ा खुलासा



राम कथा वाचक आचार्य और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सियासत को लेकर बड़ा बयान दिया है. राजस्थान के अलवर में राम कथा करने आए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि उनका किसी पार्टी से संबंध नहीं है और कांग्रेस-बीजेपी दोनों उनके लिए बराबर हैं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि दोनों पार्टी ही नहीं सभी पार्टी के लोग उनके शिष्य हैं और उन्होंने कभी भी एक पार्टी को महत्व नहीं दिया है. धीरेंद्र शास्त्री का कहना है कि साधु किसी पार्टी का नहीं होता. सूरज ओर चांद किसी पार्टी के नहीं होते.अलवर में पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के महल फूल बाग में मीडिया से बातचीत करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके लिए दोनों पार्टी बराबर है. अलवर में आकर उनको बहुत सम्मान मिला है. पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का स्वभाव बहुत ही विनम्र है.

जान लें कि इससे पहले भी एक बार मंच से धीरेंद्र शास्त्री ने बताया था कि वो किस पार्टी को सपोर्ट करते हैं और उसका चुनाव निशान क्या है? धीरेंद्र शास्त्री ने तब कहा था कि उनकी पार्टी बजरंग बली की पार्टी है और उनकी पार्टी का चुनाव निशान गदा है. इसके अलावा वह किसी राजनीतिक पार्टी को सपोर्ट नहीं करते हैं.

गौरतलब है कि धीरेंद्र शास्त्री भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कई बार मांग कर चुके हैं. मंच से ही उन्होंने बहुत बार हिंदू राष्ट्र की मांग दोहराई है. वो ये भी कह चुके हैं कि भारत पहले से हिंदू राष्ट्र है. बस इसे हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरूरत है. जान लें कि धीरेंद्र शास्त्री मुखर होकर हिंदू धर्म से जुड़े मुद्दे उठाते रहते हैं. लाखों की संख्या में लोग उन्हें फॉलो करते हैं. देश ही नहीं विदेश में भी उनके मानने वाले हैं. लंदन तक में धीरेंद्र शास्त्री अपना दरबार लगा चुके हैं.

# उज्ज्वला योजना को लेकर बड़ा ऐलान, केंद्र का तोहफा; अब बस इतने रुपये में मिलेगा एलपीजी सिलेंडर



केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव और पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम) में विधानसभा चुनाव से पहले उज्ज्वला योजना के करोड़ों लाभार्थियों को राहत देते हुए बड़ा फैसला लिया है. मोदी सरकार ने इस स्कीम के तहत मिलने वाली सब्सिडी अब बढ़ा दी है. जिसके बाद अब इस स्कीम का फायदा उठाने वालों को एलपीजी गैस का सिलेंडर मात्र 600 रुपये में मिलेगा.केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी को 200 रुपये से बढ़ाकर अब 300 रुपये कर दिया है. सरकार के इस ऐलानके बाद दिल्ली में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को अब 603 रुपये में रसोई गैस का सिलेंडर मिलेगा. उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मुंबई में 602.50 रुपये, कोलकाता में 629 रुपये और चेन्नई में 618.50 रुपये में घरेलू एलपीजी सिलेंडर मिलेगा.सरकारी आंकड़ों के मुताबित फिलहाल देशभर में में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों की संख्या करीब 9.6 करोड़ है. यानी आज के इस फैसले की वजह से सब्सिडी में बढ़त का सीधा फायदा देश के 9.6 करोड़ लोगों को मिलेगा. गौरतलब है कि पीएम उज्जवला योजना के तहत सरकार गरीब लोगों को रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराती है.

# बेटी पैदा हुई तो नाराज हुआ पति, तलाक-तलाक-तलाक बोलकर पत्नी को भगा दिया

तीन तलाक को लेकर केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाए जाने के बावजूद मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक दिया जा रहा है और तीन तलाक देने की घटनाएं थम नही रही है. उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां की रहने वाली एक महिला को उसके शौहर ने तीन तलाक दे दिया. पीड़िता ने पति के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज करवा दिया था तो वह लगातार पीड़िता दबाव बना रहा था. इसी कड़ी में आरोपी पति ने बेटी पैदा होने के बाद तीन बार तलाक-तलाक बोलकर तलाक दे दिया.

इतना ही नहीं उसने पीड़िता और उसकी बच्ची को बेघर कर दिया जिससे अब वो दर दर की ठोंकरें खाने को मजबूर है. पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है अपर पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले में जांच करके कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं. पूरा मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है. यहां की रहने वाली एक महिला की 2019 में बहराइच जिले के रहने वाले मसूदुलहक नाम के युवक के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी. शादी के कुछ दिन बाद ससुरालजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था.

पीड़ित महिला ने बहराइच जिले के कैसरगंज थाने में तहरीर देकर दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया था और दहेज प्रथा के मामले को लेकर आरोपी पति लगातार पत्नी पर सुलह को लेकर दबाव बनाने के साथ मारपीट करता था. अब आरोपी पति ने पीड़िता महिला को मौखिक रूप से तलाक तलाक तलाक कहकर पत्नी और मासूम बच्ची को घर से बेघर कर दिया है. मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज प्रजापति ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पीड़िता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर उपस्थित होकर बताई कि उसके पति और परिजन परेशान करते हैं.

यह भी बताया कि उसने कहा है कि बेटी पैदा होने से पहले ही लगातार प्रताड़ित करते रहते थे और बेटी पैदा होने के बाद उसे तीन तलाक देकर घर से बेघर कर दिए है और मेरे द्वारा थाना नवाबगंज के प्रभारी निरीक्षक को जांच करके कार्यवाही के निर्देश दिए गए है. जांच के मुकदमा दर्ज करके आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी. मामले में जांच शुरू हो गई है.

# ढाई लाख का कर्ज लेकर पत्नी को बनाया नर्स, पढ़ाई पूरी होने पर बॉयफ्रेंड के संग फरार

लोग कहते हैं कि मर्द ही बेवफा होता है. लेकिन जो दास्तां हम आपको सुनाने जा रहे हैं शायद वह आपका नजरिया बदल देगा. गोंडा में खुदगर्जी की मिसाल पेश करते हुए अपने मजदूर पति से बेवफाई कर एक पत्नी अपने यार के साथ फरार हो गई है. चर्चा है कि उसने अब शादी भी कर ली है.अपनी जान से प्यारी पत्नी प्रिया कुमारी को मजदूर पति ने 2.5 लाख रुपये कर्ज लेकर एएनएम की पढ़ाई करवाई, ताकि पत्नी और उसके परिवार का भविष्य बेहतर हो सके. नर्सिंग की पढ़ाई के बाद उसी पत्नी ने अपने मजदूर पति संग बेवफाई कर दी. नर्सिंग के अंतिम साल में पहुंच कर पत्नी प्रिया कुमारी पति को धोखा देते हुए यार संग भाग गई. बॉयफ्रेंड के साथ दिल्ली के एक मंदिर में शादी भी करने की खबर है. शादी की तस्वीर उसने विभिन्न लोगों के माध्यम से अपने पति टिंकू यादव तक पहुंचा दी.इसी बीच टिंकू को मालूम चला कि दोनों भाग कर दिल्ली पहुंच गए हैं. वहां के किसी मंदिर में दोनों ने शादी कर ली है. इसकी तस्वीर सोशल मीडिया के साथ-साथ अन्य स्त्रोतों से टिंकू तक पहुंच गई. इसके बाद पीड़ित पति टिंकू यादव पुलिस के पास पहुंच कर न्याय की गुहार लगा रहा है. साथ ही पीड़ित पति धोखा देने वाली पत्नी से उसकी पढ़ाई में खर्च किए गए लाखों रुपये वापस करने की मांग कर रहा है.

# अस्पताल कांड पर पत्रकारों ने पूछा सवाल तो बौखलाए जदयू विधायक गोपाल मंडल, कहा- तुम लोग हमारे बाप हो कि....




एक अस्पताल में बंदूक लहराते हुए देखे जाने के कुछ दिनों बाद, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) के एक विधायक ने शुक्रवार को पत्रकारों को मौखिक रूप से गाली देकर एक और विवाद खड़ा कर दिया। जब पत्रकारों ने जदयू विधायक गोपाल मंडल से अस्पताल में बंदूक ले जाने पर सवाल किया, तो उन्होंने जवाब दिया, आप मुझसे पूछने वाले कौन होते हैं? हां, मैं दिखावा करूंगा। तुम लोग हमारे बाप हो कि मना करोगे? विधायक ने कहा कि उनके पास पिस्तौल थी और उन्होंने पत्रकारों से पूछा कि क्या वे इसे देखना चाहते हैं।

जैसे-जैसे सवाल बढ़ते गए, मंडल गुस्से में आ गए और पत्रकारों को अपशब्द कहने लगे। विधायक ने माइक्रोफोन को भी धक्का देकर हटाने की कोशिश की। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में विधायक को अपना आपा खोते और पत्रकारों को दूर करते देखा जा सकता है, जो उनके खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर उनसे सवाल करते रहे। गौर करने वाली बात यह है कि मंडल, जो भागलपुर जिले के गोपालपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, को 3 अक्टूबर को भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (छ्रश्वरूष्ट॥) में रिवॉल्वर के साथ देख

स्पताल के सूत्रों ने कहा कि मंडल अपनी पोती के साथ थे, जिसे इलाज के लिए चिकित्सा सुविधा में लाया गया था। 4 अक्टूबर को स्थानीय मीडिया से बात करते हुए पांच बार के विधायक ने कहा कि वह आत्मरक्षा के लिए रिवॉल्वर रखते हैं। चूंकि मैं अगले साल संसदीय चुनाव लड़ने के लिए टिकट पाने की दौड़ में हूं, मुझे डर है कि अन्य दावेदार मेरी हत्या कर सकते हैं और इसलिए मैंने अपना रिवॉल्वर अपने हाथ में रखा। हालांकि मेरे अंगरक्षक हमेशा मेरे साथ रहते हैं, लेकिन अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर हाथ में रखना मेरी आदत है।

# मौत की नींद से कैसे जागती रही मोना? सामने आई कातिल सिपाही की खौफनाक कहानी




दो साल पहले दिल्ली पुलिस में एक महिला कॉन्स्टेबल लापता हो गई थी. दिल्ली पुलिस ने उसकी बहुत तलाश की लेकिन वो नहीं मिली. लेकिन लड़की के घरवालों को एक शख्स का फोन आता था. फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को लड़की का पति बताया. उसने कहा कि दोनों ने भागकर शादी कर ली है और पंजाब में रह रहे हैं. उसके बाद से 2 साल गुजर गए लेकिन पुलिस लड़की और उसके तथाकथित पति का पता नहीं लगा पाई. लेकिन 2 साल बाद पुलिस ने लापता उस महिला कॉन्स्टेबल की मिस्ट्री सुलझा ही ली और जब रहस्य से पर्दा उठा तो पुलिस के पैरो तले जमीन खिसक गई.

**एक लड़की जो बनना चाहती थी अधिकारी**

दिल्ली पुलिस तो उसने इसलिए छोड़ दी थी क्योंकि वह हायर सब-इंस्पेक्टर सेलेक्ट हो चुकी थी. यूपीएससी में भी चांसेस थे. एक पुलिस कॉन्स्टेबल जिसे वो डैडा यानी पिता बुलाती थी, वही उसका कातिल निकला. रहस्य और दर्द से भरी ये कहानी दिल्ली की रहने वाली एक महिला कॉन्स्टेबल की है. उसका नाम मोना था. मोना दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल थी और उसका सेलेक्शन यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर हो गया था. लेकिन वो ढ्रस् या ढ्ढक्रस् बनना चाहती थी. इसलिए उसने दिल्ली पुलिस से इस्तीफा देकर मुखर्जी नगर में यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी. इस बीच अचानक वो लापता हो गई.

**मोना मर्डर केस पर बड़ा खुलासा**

फिर परिवार ने मोना की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. लेकिन 2 सालों तक उसका कोई पता नहीं चला. लेकिन पुलिस चुपचाप जांच करती रही और आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई. 2 साल बाद मोना की गुमशुदगी से पर्दा उठा और मोना की गुमशुदगी का खुलासा हुआ तो पुलिस को यकीन नहीं हुआ क्योंकि मोना लापता नहीं थी. उसका मर्डर हो चुका था. मर्डर भी किसी और ने नहीं दिल्ली पुलिस में काम कर रहे हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र सिंह राणा ने किया था.

**2 साल बरामद हुआ कंकाल**

42 साल का सुरेंद्र सिंह राणा 12 सालों से पीसीआर में तैनात था. खुद मर्डर और दूसरे अपराधों की दर्जनों कॉल पर मौका-ए-वारदात पर गया लेकिन किसी को पता नहीं था एकतरफा प्यार में पागल होकर वो खुद कातिल बन जाएगा. पुलिस ने मोना का कंकाल 2 साल बाद बरामद कर लिया है. लेकिन मोना की हत्या का राज दफ्न रहे, इसके लिए सुरेंद्र सिंह राणा ने 2 सालों तक जो तरीके अपनाए उसे सुनकर आप दंग रह जाएंगे.

**पुलिस की नौकरी छोड़ की PSC की तैयारी**

जान लें कि मोना ने 2014 में बतौर कॉन्स्टेबल दिल्ली पुलिस ज्वाइन की थी. सुरेंद्र सिंह 2012 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था. दोनों ही पीसीआर में तैनात थे. वहीं से सुरेंद्र और मोना की मुलाकात हुई. मोना, सुरेंद्र को डैडा यानी पिता बुलाती थी और सुरेंद्र भी मोना को बेटा बोलता था. लेकिन मोना को पता नहीं था कि सुरेंद्र राणा उस पर बुरी नजर रखने लगा था. इसी बीच मोना दिल्ली पुलिस की नौकरी छोड़कर मुखर्जी नगर में पीजी में रहकर यूपीएससी की तैयारी करने लगी. सुरेंद्र उसे तंग करने लगा. उसने अपनी नाजायज मांग भी मोना के सामने रख दी. लेकिन मोना ने उसकी मांगे मानने से इनकार कर दिया. इस बात को लेकर 8 सितंबर 2021 को दोनों के बीच तीखी बहस हुई. सुरेंद्र राणा मोना को बुराड़ी पुश्ता ले गया, जहां एक सुनसान जगह पर उसने मोना का गला घोंट दिया और बाद में उसे पास के नाले में डुबो दिया. शव ऊपर न आए इसके लिए उसने लाश के ऊपर पत्थर रख दिया.

**सुरेंद्र ने रचा चक्रव्यूह**

मोना की हत्या करने के बाद सुरेंद्र सिंह राणा ने अपने गुनाह को छिपाने के लिए 2 सालों तक ऐसा चक्रव्यूह रचा जिसमें पुलिस भी फंसकर रह गई. मोना की हत्या करने के बाद सुरेंद्र ने उसके घरवालों को बताया कि वो कहीं लापता हो गई है. मोना के घरवालों के साथ मिलकर सुरेंद्र सिंह उसे तलाश करने का ड्रामा करता रहा. कई बार वो मोना के घरवालों के साथ वो पुलिस थाने भी गया.

**सुरेंद्र की सबसे बड़ी चाल**

मोना को जिंदा साबित करने के लिए सुरेंद्र राणा ने जो सबसे बड़ी चाल चली उसे सुनकर पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस और मोना के घरवालों को बरगलाने के लिए सुरेंद्र राणा ने अपने साले का इस्तेमाल किया. सुरेंद्र राणा का साला राविन मोना का पति बनकर मोना के घरवालों को फोन किया करता था. राविन खुद को मोना का पति अरविंद बताता था. उसने अरविंद बनकर मोना के घरवालों को 5 बार फोन किया. राविन ने बताया कि दोनों ने शादी कर ली है और वो दोनों बहुत खुश हैं. पुलिस को धोखा देने के लिए राविन एक कॉल गर्ल के साथ पंजाब, हरियाणा, देहरादून, ऋषिकेश और मसूरी गया. वहां से वो मोना के घर फोन करके कहता था कि मोना उसके साथ है. वो जानबूझकर मोना से जुड़े कागजात की फोटोकॉपी होटल में गिरा देता था. पुलिस फोन को ट्रेस करके जब होटल पहुंचती थी तो होटल वाले पुष्टि कर देते थे कि उनके यहां लड़की आई थी.इससे पुलिस को भी लगता था कि पीड़िता खुद ही अपने मां-बाप के पास जाना नहीं चाहती. यही नहीं सुरेंद्र ने मोना को जिंदा दिखाने के लिए किसी और लड़की को कोरोना वैक्सीन लगवाकर मोना का फर्जी कोरोना वैक्सीन सर्टिफिकेट भी बनवा दिया. वो मोना के बैंक अकाउंट से लेनदेन भी करता था ताकि लगे कि वो जिंदा है. सुरेंद्र सिंह मोना के सिमकार्ड का भी इस्तेमाल करता रहा. आरोपी सुरेश के पास मोना के कई ऑडियो थे जिसे ऑडिट कर वो मोना के साथ अपनी बातचीत परिवार को भेज देता था जिससे मोना के घरवालों को लगे की मोना जानबूझकर नहीं आ रही है.

लेकिन वो कहते हैं ना की कातिल कितना भी शातिर क्यों न हो कोई न कोई गलती कर ही बैठता है. सुरेंद्र सिंह राणा ने भी एक छोटी सी गलती कर दी. पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की जांच की जिससे सुरेंद्र का साला राविन अरविंद बनकर फोन करता था. जांच में पता चला कि ये नंबर पवन नाम के शख्स का है जो कि फर्जी नाम-पता निकला. लेकिन फोन नंबर पर डीपी राजपाल नाम के शख्स की लगी थी. बस फिर क्या था पुलिस ने राजपाल नाम के शख्स की तलाश शुरू कर दी. बहुत जल्द राजपाल का पता चल गया उसने पूछताछ में खुद को राविन का दोस्त बताया और उसके सारे राज खुद-ब-खुद खुलते गए.

# प्रवर्तन दल ने 15 क्विंटल प्लास्टिक ग्लास से लदा ट्रक पकड़ा





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण को खास खबरी से सूचना मिली कि लखनपुर स्थित वाणिज्य कर परिसर (एस जी एस टी) में प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास लदा एक डीसीएम ट्रक संख्या यूपी78एच टी1787 देर रात निकलेगा।रणनीति बनाते हुए सादे कपड़ों में प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार रात में नाके लगा दिए गए। अगले दिन तड़के सुबह करीब 3 बजे परिसर से निकला यह ट्रक प्रवर्तन दल द्वारा पीछा कर गुरदेव चौराहे पर पकड़ लिया गया।जैसे ही ट्रक पकड़ा गया, एक वाणिज्य कर की बोलेरो गाड़ी यूपी 32ईजी 1627 जिसमें एक अधिकारी समेत 4 लोग सवार थे, वहां पहुंची और प्रवर्तन दल सदस्यों से झगड़ा कर ट्रक वापस ले जाने की कोशिश करने लगे। प्रवर्तन दल सदस्यों ने बगैर दबाव में आए ट्रक को काबू कर रात में ही नगर निगम लाकर खड़ा कर दिया।

यह ट्रक जैनपुर, रनिया स्थित बाबा आनंदेश्वर थर्मोप्लास्ट फैक्ट्री से 329 कार्टन प्लास्टिक ग्लास की खेप (कुल वजन 1480 किलो) मेहदावाल, संत कबीर नगर ले जा रहा था। बाजार में जब्त माल की कीमत 3 लाख रुपए से ऊपर है। पूरे माल को जब्त कर कूड़ा कंपैक्टर गाड़ी से दबवाकर पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया और *एक लाख रुपए जुर्माना वसूला गया* ।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार रामनरेश, इंद्रजीत, धनंजय, जितेंद्र बहादुर, भूपेंद्र, जितेंद्र सिंह इत्यादि शामिल रहे।

# प्रवर्तन दल ने 420 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास जब्त कर लोडर को पकड़ा, 50000 का जुर्माना भी वसूल किया



कानपुर। विश्वस्त सूत्र से प्रवर्तन अधिकारी को बर्रा 8 में प्लास्टिक ग्लास ले जाने वाले एक लोडर यूपी 78डीटी 5863 की खबर मिली।

तत्काल नजदीक रहने वाले प्रवर्तन दल के 6 सदस्यों को वहां भेजा गया। जैसे ही लोडर को रोका गया, उसका ड्राइवर अपना मोबाइल छोड़ कर और गाड़ी का जीपीएस लॉक लगा कर भाग गया।नजदीक से मैकेनिकों को



बुला कर जीपीएस को बायपास कर, लोडर स्टार्ट किया गया और प्रवर्तन दल के एक सदस्य द्वारा उसको चला कर नगर निगम लाया गया।

लोडर में 420 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक ग्लास के 100 कार्टन लोड थे जो अवस्थी ट्रेडिंग कंपनी, पनकी से बांदा जा रहे थे।माल को जब्त कर कूड़ा कंपैक्टर गाड़ी से दबवाकर पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया और राजस्व निरीक्षक नफीस द्वारा 50,000 रुपए जुर्माना वसूलने के बाद लोडर छोड़ा गया।

इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, रामेंद्र सिंह, हवलदार इंद्रजीत, जितेंद्र बहादुर, धनंजय और जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

# पटकापुर स्वच्छता सुमित के द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मनाई गई जयंती





**अरुण कुमार अस्थाना**

कानपुर। पटकापुर स्वच्छता सुमित के द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिसमें बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम और महात्मा गांधी शास्त्री जी के विषय में जानकारियां दी।

उनके कार्य के बारे में बड़े अच्छे ढंग से बताया इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे विक्रम अवस्थी ने महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री के संबंध में अच्छी जानकारियां बच्चों को दी। पूर्व पार्षद आमोद त्रिपाठी ने दीपक



प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समिति अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना ने लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी की तस्वीर को माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर उन्हें नमन कर रहा है। उन्होंने कहा ‘‘बापू ने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष सूर्यनारायण बाजपेई, मंत्री गीता पांडे, मनीष अस्थाना, मनीष अग्रणी, संरक्षक सतीश बाजपेई, रमेश बाजपेई, कमलचंद बाजपेई, सुरेश बाजपेई सम्मिलित हुए।

# गुरुवाणी क्षेत्र स्तरीय समिति द्वारा 2 अक्टूबर को रैली निकाल चलाया गया स्वच्छता अभियान



**दिनेश कुमार (डी.के.)**

कानपुर। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर गुरु वाणी क्षेत्र स्तरीय समिति संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। सबसे पहले संस्था अध्यक्ष निशा अंसारी (डूडा) ने गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उसके बाद कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वच्छता पर संदेश दिया।वही स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मलिन बस्ती की महिलाओं ने रंगोली बनाकर लोगों



को जागरूक किया और साफ सफाई का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष निशा अंसारी (डूडा), जुबेर अहमद खान, संध्या सविता, कल्पना, इशरत, रीना, नीतू, पूजा, उजमा, शाहीन, रेखा, रूबी, आरती, चांदनी अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद पांचजन्य शाखा द्वारा नृत्य, गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

कानपुर। गोविंद नगर स्थित कालेज में भारत विकास परिषद पांचजन्य शाखा द्वारा नृत्य, गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में चार स्कूलों के छात्र ङ्क छात्राओं ने भाग लेकर अपनी सौंदर्य प्रतिभा दिखाई । वही प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एनके चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। गोविंद नगर स्थित सरस्वती इंटर कालेज में आज रविवार को भारत विकाश परिषद ब्रम्हावर्त प्रांत पांचजन्य शाखा द्वारा नृत्य गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एनके त्रिवेदी ने कार्यक्रम में आए बच्चो व उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चो को होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग जरूर लेना चाहिए । क्योंकि इससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है । यही नही बच्चो का मनोबल भी बढ़ता है । जहा निर्णायक दीपमाला, अर्चना, डा शोभा सिंह एवं राकेश श्रीवास्तव, जीएस सविता, जीके मिश्रा, जीके, वाईसी त्रिपाठी व जज देवेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग मौके पर मौजूद थे।



# ट्रांसकॉन कांफ्रेंस में सर्वसम्मति से हुआ एचआईवी ब्लड डोनर को सही जानकारी का फैसला

कानपुर। वर्ष 2004 से पहले ब्लड बैंक के टेस्ट द्वारा एचआईवी, हेपेटाइटिस आदि के संक्रमण के पॉजिटिव आने के बाद रक्तदाताओं को इसकी सूचना देना प्रतिबंधित था। समाज के बदलते परिवेश में नेशनल ब्लड ट्रांसप्यूज़न काउंसिल ने नेशनल प्लान ऑन ब्लड सेप्टी बना कर ब्लड बैंक को सूचित करने एवं परामर्श देने के लिए गाइडलाइन्स जारी की। इसके बावजूद भी यह छोटे ब्लड बैंक में संसाधनों के आभाव में उपेक्षित रहा है। इस विषय पर डॉक्टर लुबना खान द्वारा रविवार को आई एस बी टी एच के वार्षिक अधिवेशन ट्रांसकॉन कांफ्रेंस लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन 6 अक्टूबर को मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया गया था। कांफ्रेंस में देश एवं विदेश के प्रतिनिधिओं एवं डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। डॉक्टर लुबना खान द्वारा बताया गया कि पॉजिटिव रिजल्ट की सूचना डोनर्स को देने से शीघ्र उनका उपचार प्रारंभ किया जा सकता है।

# अभियुक्त वारंटी को रेलबाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन महोदय एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी महोदय एवं सहायक पुलिस आयुक्त के कुशल निर्देशन पर वारण्टी अभियुक्ता रूबी पत्नी वकील अहमद शमा पत्नी जमाल अहमद निश्गण 6सी/ सुजातगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर सम्बन्धित मु0न0 2351/18 धारा 323/504/506 भादवि ता0पे0 07.10.23 सम्बन्धित न्यायालय कानपुर नगर को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्तागण उपरोक्त को समय से सम्बन्धित मा0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया !नाम पता वारण्टी अभियुक्ता रूबी पत्नी वकील अहमद नि0 6सी/12 सुजातगंज थाना रेलबाजार उम्र करीब 35 वर्ष शमा पत्नी जमाल अहमद निवासी 6सी / 12 (1) सुजातगंज थाना रेलबाजार उम्र करीब 40 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण उ0नि0 रामबाबू सिंह, म0हो0गा0 श्यामा देवी

# दाल मिल गोदाम में लगी आग, दमकल कर्मियों ने मशक्कत से पाया काबू

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया के दाल मिल गोदाम में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। देर रात आग लगने के कारण गोदाम के बाहर लोग इकट्ठा हो गए थे, लेकिन अंदर कोई नहीं था। गोदाम में रखा सामान जलने से बड़ा नुकसान हुआ है। किसी भी तरह की हानि नहीं हुई है।

शहर के इंडस्ट्रियल एरिया दादा नगर में पुलिस चौकी के बगल में स्टेट बैंक वाली गली में दाल मिल के गोदाम में आग लग गई। फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया की शनिवार रात तकरीबन 11.30 बजे मिनी कंट्रोल रूम में सूचना मिली । कि दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित आरएस दाल मिल 104 बी के गोदाम में रखे बारदाना में आग लग गई ।फजलगंज फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल की गाड़ियों ने आधे घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

दाल मिल के मालिक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की रात का समय होने के कारण किसी भी तरह से कोई फैक्ट्री में काम नहीं हो रहा था। ना ही कोई फैक्ट्री में मौजूद था। फैक्ट्री के बगल में बने गोदाम में रखा बारदाना और लकड़ी का सामान जल गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर संस्था ने किया शिक्षकों का सम्मान





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पनकी गंगागंज गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षिको को अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर उनके द्वारा बच्चों को दी गई शिक्षा एवं संस्कार से प्रेरित होकर कलम एक शैक्षिक संस्था के सचिव डॉ विपिन शुक्ला अध्यक्ष विकास तिवारी उपाध्यक्ष डॉ सारिका त्रिवेदी के द्वारा विद्यालय में जाकर शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम अपनी संस्था के द्वारा संपन्न कराया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समरेंद्र कुमार जी विशिष्ट अतिथि संजय सिंह के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि संस्था सामाजिक कार्यक्रमों में इस तरीके का जो योगदान करती है यह बड़ा ही सराहनीय है और बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा में शिक्षकों की बड़ी ही अहम भूमिका होती है ऐसे में शिक्षकों को सम्मानित करना गौरव की बात है हमारे द्वारा जो भी प्रयास होगा हम विद्यालय के लिए और संगठन के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि संजय सिंह द्वारा विद्यालय के लिए बताया गया कि समय-समय पर यहां के छात्र-छात्राओं को समाज में हो रही कुरीतियों के बारे में और संस्कारों के लिए कैंप लगाना चाहिए एल ।समाज में शिक्षा के प्रति विशेष योगदान के लिए डॉ प्रशांत मिश्रा , डॉ अजय सिन्हा को विशेष सम्मानित किया गया और उन्होंने विद्यालयों की स्टाफ शिक्षकों की सराहना की संस्था के सचिव डॉ विपिन शुक्ला ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया कि कार्यक्रम में सभी लोगों ने भरपूर सहयोग किया डॉ विपिन शुक्ला जी द्वारा कहा गया कि वह इसी तरीके से समाज में निरंतर गरीब बच्चों को पढ़ने के लिए सामग्री उपलब्ध कराते रहेंगे ।समाज में निरंतर सेवा भाव रखने वाले शिक्षकों को हमारी संस्था इसी तरीके से सहयोग करती रहेगी और सम्मानित करती रहेगी ।कार्यक्रम का सफल आयोजन गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक भानु प्रताप जी के द्वारा बहुत सुंदर और व्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन कराया इसके लिए संस्थान ने भानु प्रताप जी को आभार व्यक्त किया यह कार्यक्रम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शुभी गुप्ता जी के की प्रेरणा से संस्था के द्वारा संपन्न कराया गया जिला विधिक की तरफ से पीएलवी गोपाल गुप्ता भानु प्रताप एवं प्रतीक्षा सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन उषा सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशीष चंदेल सारिका मैं किरण जी अनीता सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएवी कॉलेज में कर्मचारियों का धरना 13वें दिन भी रहा जारी

कानपुर, डीएवी कॉलेज में कर्मचारियों ने मंत्री हरगोविंद सिंह के नेतृत्व मे भूख हड़ताल पर बैठे रहे। धरने में अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने कहा कि यह एशिया का सबसे बड़ा कॉलेज है।यहां निवेदन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, और निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद भी छात्र रह चुके हैं।



इसके अलावा यह कॉलेज स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो का भी गढ़ रहा हैयह भगत सिंह, राजगुरु, चंद्र शेखर आजाद, शिव वर्मा ने छुप कर स्वंत्रता आंदोलन की रणनीति बनाई थी।

धरने में आर्य नगर विधान सभा क्षेत्र से विधायक अमिताभ बाजपेई ने शिरकत किया। उन्होने अपने संबोधन करते हुए कहा कि हम कॉलेज के कर्मचारियों के हर समय साथ हैं और उनके साथ मिलकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। विघान सभा सत्र मे भी प्रश्न पूछेगे।

कर्मचारी समिति के अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने विधायक को कर्मचारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन लेकर विधायक ने कहा कि हम आप सभी कर्मचारियों की मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे। धरने में सर्व श्रीओम द्विवेदी, सीपी मिश्रा, हरगोविंद सिंह, आनंद त्रिवेदी, ओपी सिंह, श्याम द्विवेदी, पुरषोत्तम सिंह, रमेश यादव, जितेंद्र सिंह, अंजनी अग्रवाल, डीपी सिंह, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, !!

# केस्को द्वारा किदवई नगर में सड़क किनारे लगे पोल को हटाकर अंडरग्राउंड केबल डालने का काम चालू



कानपुर। शहर में ग्राहकों को बिजली आपूर्ति करने के लिए सड़क किनारे लगे पोल को हटाकर अंडरग्राउंड केबिल डालने के बाद जल्द ही जनता को बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से की जाएगी। जिसे देखते हुए किदवई नगर क्षेत्र की गली ङ्क गली में 10 एमएम केबिल डाली गई। जिसमे लगभग 500 मीटर की दूरी पर बी- टू पैनल इंस्टॉल कर उपभोक्ताओं को कनेक्शन देकर केस्को बिजली आपूर्ति करेगी। वही बात करने पर कर्मचारियों ने बताया कि जब पूरे क्षेत्र में अंडर ग्राउंड केबिल डाल दी जायेगी तो इसके बाद सड़क किनारे लगे सारे पोल के तारों को हटाकर अंडरग्राउंड केबिल के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से की जाएगी।

# प्रेमी राजेश ने की थी संजय की हत्या, बोरी में भर शव नहर में फेंका, शव की तलाश में जुटी पुलिस

कानपुर। थाना गुजैनी अंतर्गत बीते दस दिन से गायब युवक संजय की मौत का खुलासा होने के बाद शव न मिलने से पुलिस महकमे में उथल पुथल मची हुई है। पुलिस लगातार गोताखोरों की मदद से शव की तलाश जुटी ।गौरतलब है कि बीते दस दिन से लापता संजय के पिता तुलाराम ने संजय की पत्नी सुमन पर हत्या का शक जताते हुए गुजैनी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमे पुलिस ने सुमन की सीडीआर खंगाली तो सबसे ज्यादा बात प्रेमी राजेश से हुई थी। जिसमे पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला पत्नी सुमन के कहने पर प्रेमी राजेश ने संजय को अपने घर में बुलाकर पहले शराब पिलाई और उसके बाद चाकुओं से गोदकर बोरी में भरकर शव सामने से निकली रामगंगा नहर में फेक दिया। शव न मिलने से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई ।जिसे देखते हुए आज शनिवार को डीसीपी साउथ ने घटनास्थल पर जायजा लेते हुए गोताखोरों एवं पुलिस टीम को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मिलकर जल्दी से ढूंढने का आदेश दिया। वही एसीपी अभिषेक पांडेय से बात करने पर बताया कि घटना का खुलासा तो हो गया लेकिन अभी तक संजय का शव नही बरामद हो पाया। गोताखोरों की टीम लगी है जल्द ही शव को खोज लिया जाएगा।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।